दैनिक
# बुद्ध का संदेश
हिन्दी समाचार पत्र
एक विश्वास...

विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना ...8

बलरामपुर
सोमवार ,02 मार्च 2026
वर्षः 05 अंक : 149 पृष्ठः 8
आमंत्रण मूल्य 2/-रूपया

लखनऊ, कानपुर, कन्नौज, बरेली, सीतापुर, सोनभद्र, गोण्डा, बाराबंकी, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, अम्बेडकरनगर, फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, महराजगंज, रामपुर, रायबरेली, में एक साथ प्रसारित।

सम्पादक : राजेश शर्मा

9415163471, 9453824459 Dainik Budh ka sandesh @budhakasandesh budhakasandeshnews@gmail.com www.budhakasandesh.com

## पीएम मोदी की तमिलनाडु से डीएमके को सीधी चुनौती

### कहा- एनडीए की सरकार बनेगी, आपका सपना टूटेगा



मदुरै। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को तमिलनाडु की सत्तारूढ़ डीएमके सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि सत्ता में वापसी का पार्टी का सपना दुःस्वप्न में बदल जाएगा और एनडीए राज्य में सरकार बनाएगा। एआईएडीएमके-भाजपा गठबंधन की जीत पर विश्वास जताते हुए पीएम मोदी ने आगामी विधानसभा चुनावों को राज्य के लिए महत्वपूर्ण मोड़ बताया। मदुरै में एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने डीएमके पर भ्रष्टाचार और शहर में खराब अपशिष्ट प्रबंधन का आरोप लगाया, जिसके कारण स्वच्छता के मामले में मदुरै की राष्ट्रीय रैंकिंग काफी नीचे है। पीएम मोदी ने कहा कि कुछ लोग तमिलनाडु में सत्ता में वापसी का सपना देख रहे हैं, लेकिन एनडीए की इस विशाल रैली को देखकर उनके सपने दुःस्वप्न में बदल जाएंगे। यह चुनाव तमिलनाडु का निर्णायक मोड़ है। लोगों ने अपना मन बना लिया हैय लोगों ने तय कर लिया है कि डीएमके को सत्ता से बाहर करना है। वे यह भी अच्छी तरह जानते हैं कि केवल एनडीए ही बदलाव ला सकता है। तमिलनाडु की अगली सरकार एनडीए की होगी। उन्होंने आगे कहा कि 2021 में, 25 लंबे वर्षों के बाद, डीएमके को अपने दम पर पूर्ण बहुमत मिला, लेकिन उन्होंने सुशासन नहीं दिया। उन्होंने राज्य को लूटा और वंशवादी राजनीति को बढ़ावा दिया। मदुरै एमजीआर के साथ खड़ा रहा, जो इस शहर से बेहद प्यार करते थे। यही कारण है कि डीएमके ने कभी मदुरै को पसंद नहीं किया और मदुरै में माफिया जैसी राजनीति लाई। वे खराब जल निकासी और अपशिष्ट प्रबंधन की कमी लेकर आए। उन्होंने मदुरै को स्वच्छता में राष्ट्रीय रैंकिंग में सबसे नीचे पहुंचा दिया, और भ्रष्टाचार के कारण महापौर को इस्तीफा देना पड़ा। प्रधानमंत्री मोदी ने आज सुबह अरुलमिगु सुब्रमण्य स्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना की और बताया कि उन्होंने कार्तिकई दीपम विवाद को लेकर आत्मदाह करने वाले भक्त पूर्णचंद्रन के परिवार से मुलाकात की।

## ईरान के खामेनेई की मौत पर भारत में आक्रोश

### सड़कों पर अमेरिका-इजराइल के खिलाफ गूंजे नारे



ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला खामेनेई के निधन के बाद देशभर में बड़े पैमाने पर शोक सभाएं और विरोध प्रदर्शन हुए, जिनमें शिया समुदाय के लोग शोक और आक्रोश व्यक्त करने के लिए सड़कों पर उतर आए। अखिल भारतीय शिया परिषद ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या के विरोध में प्रदर्शन किया और अमेरिका तथा इजराइल के खिलाफ नारे लगाए। जम्मू और कश्मीर में भी इसी तरह के प्रदर्शन देखने को मिले, जहां पुरुष, महिलाएं और बच्चे सड़कों पर इकट्ठा हुए और अमेरिका तथा इजराइल के हमले की निंदा की। श्रीनगर में संयुक्त राष्ट्र सैन्य पर्यवेक्षक समूह के मुख्यालय के बाहर भी प्रदर्शन हुए। प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहे, जिनमें प्रतिभागियों ने खामेनेई की तस्वीरें और ईरान के समर्थन में बैनर लिए हुए थे। श्रीनगर की सड़कों पर काले झंडे, अयातुल्ला के चित्र और पारंपरिक शोक गीत (नौहा) गाए गए। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के पुराने इलाकों में भी बड़ी संख्या में लोग विरोध प्रदर्शन करने के लिए सड़कों पर उतर आए। ऑल इंडिया शिया मजलिस-ए-उलेमा-वा-जाकिरीन के निसार हुसैन हैदर आगा ने अमेरिका और इजराइल के हमले की निंदा की। उन्होंने कहा, "ईरान पर 30 से अधिक बम गिराए जाने के बाद हमें अयातुल्ला अली खामेनेई के निधन की सूचना मिली। हम इस कृत्य की कड़ी निंदा करते हैं। इस हमले के खिलाफ दुनिया भर में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं।" इस बीच, पाकिस्तान में कुछ इलाकों में प्रदर्शन हिंसक हो गए। खबरों के अनुसार, स्कार्दू में हजारों लोग जमा हुए, जहां संयुक्त राष्ट्र कार्यालय में आग लगा दी गई। कराची में, आक्रोशित प्रदर्शनकारियों ने अमेरिकी वाणिज्य दूतावास पर धावा बोल दिया, जिससे पाकिस्तानी सुरक्षा बलों के साथ झड़पें हुईं।

# खामेनेई की मौत, अयातुल्ला अलीरेजा अराफी बने ईरान के अंतरिम नेता



ईरान के सरकारी मीडिया ने बताया कि अमेरिका और इजराइल द्वारा किए गए सुनियोजित हमले में अयातुल्ला अली खामेनेई की मृत्यु के बाद, वरिष्ठ शिया धर्मगुरु अयातुल्ला अलीरेजा अराफी को ईरान का अंतरिम सर्वोच्च नेता नियुक्त किया गया है। 67 वर्षीय अराफी गार्जियन काउंसिल के सदस्य हैं। उन्हें उस अस्थायी नेतृत्व परिषद के न्यायिक सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है जो खामेनेई के उत्तराधिकारी की नियुक्ति तक ईरान के सर्वोच्च नेता के कर्तव्यों का निर्वहन करेगी। अंतरिम परिषद में राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन, मुख्य न्यायाधीश गुलाम-हुसैन मोहसेनी-एजेई और गार्जियन काउंसिल के एक धर्मगुरु भी शामिल हैं। अराफी का जन्म 1959 में ईरान के यज्द प्रांत के मेयबोद में हुआ था। खामेनेई की तरह, उनके पास भी अयातुल्ला की उपाधि है, जो उनके मुजतहिद (एक वरिष्ठ इस्लामी विद्वान) होने का संकेत देती है। गार्जियन काउंसिल के साथ-साथ, वे विशेषज्ञों की सभा के सदस्य भी हैं। वे विशेषज्ञों की सभा के दूसरे उपाध्यक्ष के रूप में भी कार्य कर चुके हैं। इससे पहले, वे अल-मुस्तफा अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालय के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। बताया जाता है कि अराफी अरबी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में धाराप्रवाह हैं और उन्होंने ईरान में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) को अपनाने की आवश्यकता पर भी बल दिया है। 67 वर्षीय अराफी ने गणित और दर्शनशास्त्र का भी अध्ययन किया है। उनकी जड़ें ईरान में 1979 की इस्लामी क्रांति से जुड़ी हैं, क्योंकि उनके पिता मोहम्मद इब्राहिम अल-अराफी ईरान के पहले सर्वोच्च नेता रुहोल्लाह खुमैनी के करीबी माने जाते थे। इसलिए, कई विश्लेषकों का मानना घ्था कि खामेनेई की मृत्यु के बाद अराफी ही उनके उत्तराधिकारी बनने की प्रबल संभावना रखते थे।

### और तगड़ा मारेंगे...ईरान के राष्ट्रपति पेजेशकियान का देश के नाम संबोधन

ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन राष्ट्र को संबोधित कर रहे हैं। टेलीविजन पर प्रसारित एक बयान में राष्ट्रपति पेजेश्कियन ने कहा कि ईरान की सशस्त्र सेनाएं अपने दुश्मनों के सैन्य ठिकानों पर जोरदार हमले करना और उन्हें नष्ट करना जारी रखेंगी। राष्ट्रपति ने कहा कि हमारे नेता की शहादत वर्षों के बलिदान की परिणति थी। इस बीच, मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, शनिवार को इजरायली वायु सेना के हमले में ईरान के पूर्व राष्ट्रपति महमूद अहमदीनेजाद शहीद हो गए। अहमदीनेजाद के साथ-साथ उनके कई करीबी सलाहकार और अंगरक्षक भी इजरायली हमलों में मारे गए। खबरों के मुताबिक, अहमदीनेजाद की सुरक्षा में तैनात अंगरक्षक ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) के सदस्य थे। तेहरान में जिस इमारत में अहमदीनेजाद और उनकी टीम मौजूद थी, उस पर इजरायली वायु सेना ने हमला किया, जिसमें वे मारे गए।

### ईरान-इजराइल युद्ध के बीच यूपी सरकार अलर्ट, इजराइल में काम कर रहे श्रमिकों के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी





लखनऊ। पश्चिम एशिया में जारी तनावपूर्ण हालात को देखते हुए उत्तर प्रदेश सरकार ने इजराइल में कार्यरत प्रदेश के श्रमिकों की सुरक्षा को लेकर सतर्कता बढ़ा दी है। वर्तमान में उत्तर प्रदेश के कुल 6,004 निर्माण श्रमिक इजराइल की विभिन्न निर्माण कंपनियों और परियोजनाओं में कार्यरत हैं। इन श्रमिकों का चयन राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) और इजराइल की सरकारी संस्था पीबा के माध्यम से वर्ष 2024 में किया गया था। सरकार के अनुसार सभी श्रमिक नियमित रूप से अपने कार्यस्थलों पर काम कर रहे हैं और उनके कुशलक्षेम पर सतत निगरानी रखी जा रही है। इस बीच भारतीय दूतावास, तेल अवीव ने इजराइल में रह रहे भारतीय नागरिकों के लिए सुरक्षा परामर्श जारी कर सतर्क रहने, स्थानीय प्रशासन के निर्देशों का पालन करने और अनावश्यक आवाजाही से बचने की सलाह दी है। श्रम, सेवायोजन एवं समन्वय मंत्री अनिल राजभर ने श्रमिकों और उनके परिवारों को आश्वस्त करते हुए कहा कि सरकार उनकी सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। प्रमुख सचिव श्रम एवं सेवायोजन डॉ. एमके शन्मुगा सुन्दरम् ने भारत के राजदूत जेपी सिंह से वार्ता की, जिसमें दूतावास ने स्थिति नियंत्रण में होने की जानकारी दी। आपात स्थिति में नागरिक हेल्पलाइनः .972-54-7520711, .972-54-2428378 या ईमेल बवद1. **telaviv@mea-gov-in** पर संपर्क कर सकते हैं।

### आवारा कुत्तों ने आठ साल की बच्ची को नोच-नोचकर मार डाला, घर से निकलते ही झुंड ने किया हमला



लखनऊ। रहीमाबाद के तरौना गांव में रविवार को शाम साढ़े छह बजे आवारा कुत्तों ने आठ वर्षीय बच्ची को दौड़ाकर पकड़ लिया, फिर नोच-नोच कर मार डाला। बच्ची की चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण पहुंचे और कुत्तों को भगाया, फिर घायल बच्ची को अस्पताल पहुंचाया, जहां डाक्टरों ने भी मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद ग्रामीणों आक्रोश है। आरोप है कि कई बार कुत्ते हमला कर चुके लेकिन इन्हें पकड़ा नहीं जा सका। तरौना गांव निवासी दिलीप कश्यप की बेटी अंशिका घर पर थी। तभी उसने घर में शौच के लिए जाने की बात कह गई थी। थोड़ी दूर पहुंची थी कि इसी दौरान पहले से घात लगाए बैठे चार-पांच आवारा कुत्तों ने उस पर हमला कर दिया। उससे पकड़कर नोचना शुरु कर दिया। काफी देर तक जब वह वापस नहीं लौटी तो मां उसे देखने बाहर निकली। बाहर का दृश्य देखकर वह चीख पड़ी। कुत्ते बच्ची को बुरी तरह नोच रहे थे। चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण पहुंचे उन्हें छुड़ाने का प्रसाय किया।

### लखनऊ की सड़कों पर ईरान-यूएसए टेंशन का असर

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में रविवार को पुराने इलाकों में बड़ी संख्या में लोग अमेरिका और इजराइल के संयुक्त सैन्य हमलों में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या के विरोध में सड़कों पर उतर आए। प्रमुख शिया धर्मगुरु मौलाना यासूब अब्बास ने आज खामेनेई की हत्या की निंदा करते हुए इसे वैश्विक समुदाय के लिए ष्बेहद दुर्भाग्यपूर्णष बताया। एएनआई से बात करते हुए शिया धर्मगुरु ने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। दुनिया सोचती है कि खामेनेई की हत्या से ईरान का अंत हो जाएगा... अमेरिका और इजराइल को ईरान से मुंहतोड़ जवाब मिलेगा। आज रात 8रू30 बजे लखनऊ के इमामबाड़ा में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। अखिल भारतीय शिया पर्सनल लॉ बोर्ड ने तीन दिन के शोक की घोषणा की है, जिसके दौरान हम सभी काले कपड़े पहनेंगे और अपने घरों पर काले झंडे फहराएंगे। इस बीच, ईरान में 40 दिनों का सार्वजनिक शोक मनाया जा रहा है। रॉयटर्स ने ईरानी सरकारी मीडिया के हवाले से यह जानकारी दी है। भारत में ईरान के दूतावास ने आज ईरान के सर्वोच्च नेता खामेनेई की हत्या की कड़ी निंदा की और इस कृत्य को ष्अक्षम्य अपराधष करार दिया।

## चीन को Clean Chit, यूएस से गलत डील

### जयराम रमेश ने कहा- मोदी सरकार की विदेश नीति बेनकाब



नई दिल्ली। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने रविवार को केंद्र की विदेश नीति पर तीखा हमला करते हुए इसे पूरी तरह बेनकाब बताया और अमेरिका-पाकिस्तान संबंधों से लेकर चीन और हालिया ईरान संकट से निपटने तक की विफलताओं को गिनाया। एक्स पर एक विस्तृत पोस्ट में रमेश ने कहा कि स्वयंभू विश्वगुरु के नेतृत्व में भारत की विदेश नीति पूरी तरह बेनकाब हो चुकी है, भले ही प्रधानमंत्री के समर्थकों ने इस पर कितना भी दिखावा किया हो। उन्होंने आरोप लगाया कि अमेरिका पाकिस्तान के साथ घनिष्ठ संबंध बनाए हुए है और आतंकी हमलों और क्षेत्रीय तनाव के संदर्भ में की गई टिप्पणियों पर चिंता व्यक्त की। रमेश ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति पाकिस्तान के साथ अपना प्रेम संबंध जारी रखे हुए हैं और बार-बार उसी व्यक्ति की प्रशंसा कर रहे हैं जिसकी भड़काऊ टिप्पणियों ने 22 अप्रैल, 2025 को पहलगाम में हुए आतंकी हमलों की पृष्ठभूमि तैयार की थी। अमेरिका ने अफगानिस्तान पर पाकिस्तान के युद्ध का खुलकर समर्थन भी किया है। रमेश ने मई 2025 में ऑपरेशन सिंदूर को रोकने में अमेरिकी नेतृत्व की भूमिका के दावों पर सरकार की प्रतिक्रिया पर भी सवाल उठाया और कहा कि प्रधानमंत्री ने इन दावों पर सार्वजनिक रूप से कोई जवाब नहीं दिया है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने कम से कम सौ बार दावा किया है कि उन्होंने भारत के अमेरिकी निर्यात पर टैरिफ बढ़ाने की धमकी देकर 10 मई, 2025 को ऑपरेशन सिंदूर को रोकने के लिए हस्तक्षेप किया था।

## ओवैसी बोले- ईरान पर अमेरिका- इजराइली का हमला पूरी तरह से अनैतिक



हैदराबाद। एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने रविवार को ईरान पर ट्रंप-इजराइल के हमलों और अफगानिस्तान में पाकिस्तान की कार्रवाइयों की कड़ी निंदा करते हुए चेतावनी दी कि अगर ये हमले तुरंत नहीं रुके तो पूरा क्षेत्र अस्थिरता की चपेट में आ जाएगा। ग पर एक पोस्ट में ओवैसी ने कहा कि ये हमले पूरी तरह से निंदनीय हैं और इन्हें अनैतिक और गैरकानूनी कृत्य बताया। उन्होंने प्रभावित लोगों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। ओवैसी ने लिखा कि ईरान पर ट्रंप-इजराइल के हमले पूरी तरह से निंदनीय हैं। खासकर तब जब ईरान-अमेरिका जिनेवा में थे। ईरान भर में 200 से अधिक लोग मारे गए हैं, जिनमें एक गर्ल्स स्कूल पर हुए हमले में मारे गए 108 लोग भी शामिल हैं। यह पूरी तरह से अनैतिक और गैरकानूनी कृत्य है। मेरी गहरी संवेदनाएं। ईरान पर ये हमले जल्द से जल्द बंद होने चाहिए, अन्यथा पूरा क्षेत्र अस्थिरता की चपेट में आ जाएगा। हमें याद रखना चाहिए कि इस क्षेत्र में 1 करोड़ 10 करोड़ भारतीय काम करते हैं। उन्होंने ईरान पर इजरायल के हमले और अफगानिस्तान के खिलाफ पाकिस्तान की आक्रामकता की भी आलोचना करते हुए कहा कि ये दोनों घटनाएं दर्शाती हैं कि ये दोनों राष्ट्र अपने-अपने पड़ोस में आक्रामकता और उपद्रव की ताकतें हैं।

### असम की सड़कों पर आधी रात तक उमड़ा हुजूम, सीएम हिमंता बोले- इस बार मिलेगा और मजबूत जनादेश



असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने रविवार को आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारियों के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जन आशीर्वाद यात्रा के दूसरे दिन जनता के ष्पूर्ण समर्थनष के लिए आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के लोग पिछले पांच वर्षों में भूमि अधिकार और रोजगार प्रदान करने के लिए खुले तौर पर उनका आभार व्यक्त कर रहे हैं। सरमा ने मीडियाकर्मियों से कहा कि मैं असम के लोगों का बहुत-बहुत धन्यवाद करता हूं। कल रात यह यात्रा 12रू30 बजे तक चली और हर जगह लोग मौजूद थे। जनता ने अपना पूर्ण समर्थन दिया। असम के मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि हम एक मजबूत संदेश देना चाहते हैं कि हम सभी अवैध अतिक्रमणकारियों को बेदखल करेंगे। मैंने कभी नहीं सोचा था कि लोग इतनी बड़ी संख्या में बाहर आएंगे। लोग पिछले पांच वर्षों में हमारे द्वारा किए गए कार्यों को स्वीकार कर रहे हैं और मुझे उम्मीद है कि लोग इस बार हमें मजबूत जनादेश देंगे। बहुत से लोग मुझसे मिलते हैं और कहते हैं कि उन्हें नौकरी या जमीन मिली है या अवैध घुसपैठियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के लिए मेरा आभार व्यक्त करते हैं। लोग हमारा समर्थन कर रहे हैं। शनिवार को

### दिल्ली में न्यूनतम तापमान सामान्य से 2.9 डिग्री अधिक, दिन में चलेंगी तेज गर्म हवाएं

दिल्ली में मौसम का मिजाज धीरे-धीरे बदल रहा है और मार्च की शुरुआत के साथ ही तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (प्डक) के आंकड़ों के अनुसार, रविवार को दिल्ली का न्यूनतम तापमान 15.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह इस मौसम के औसत तापमान से 2.9 डिग्री अधिक है। जैसे-जैसे दिन चढ़ेगा, दिल्लीवासियों को तेज धूप और गर्मी का सामना करना पड़ सकता है।

# युग के क्रान्तिकारी पुरोधा संत गाड्गे और संत रविदास के योगदान पर विमर्श

दैनिक बुद्ध का संदेश

बस्ती। रविवार को संत गाड़गे एवं संत रविदास कल्याण मिशन द्वारा संत गाड्गे और संत रविदास जयन्ती के उपलक्ष्य में पं. अटल बिहारी वाजपेयी प्रेक्षागृह में कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि डा० अमर नाथ बौद्ध ने कहा कि संत गाड्गे आर संत रविदास का जन्म ऐसे समय पर हुआ जब पूरा समाज सामाजिक कुरीतियों में जकड़ा हुआ था। उन्होने गाडगे की तुलना महामानव गौतम बुद्ध से करते हुये कहा कि गौतम बुद्ध की तरह संत गाडगे ने मानव कल्याण के लिए अपना पूरा जीवन लगा दिया। विशिष्ठ अतिथि जय सिंह, डॉ० विनोद कुमार, शिवराम कनौजिया और बनवारी लाल कनौजिया, विश्राम राव ने कहा कि संत गाड़गे और संत रविदास जी ने घर–परिवार का मोह त्याग कर गरीबों, असहायों तथा पशु–पक्षियों की सेवा करते रहे तथा शिक्षा सफाई का सन्देश देते हुये अपना पूरा जीवन इन्हीं लोगों के बीच में लगाया।विशिष्ट अतिथि डॉ०सी०एल० कनौजिया, डा. अरविन्द मौर्य और राम सुमिरन कन्नौजिया ने कहा कि संत गाडगे जी, संत रविदास जी एवं बाबा साहब डा० भीमराव अम्बेडकर ने दबे कुचले समाज को शिक्षित होकर संगठित होने तथा अधिकारों के लिए संघर्ष करने का संदेश दिया था। बुद्धि प्रकाश एवं मूलचन्द्र ने बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देकर उच्च शिक्षा के द्वारा देश–विदेश में भागीदारी लेने पर जोर दिया तथा बौद्ध धर्म को अपनाने पर विशेष जोर दिया।



अजय कन्नौजिया एवं आर०पी० कन्नौजिया ने दुख व्यक्त करते हुए कहा कि अपने वर्ग के लोग ही इस समाज को समुचित भागेदारी न देकर किनारे रखना चाहते हैं, जो बहुजन समाज की एकता के लिए प्रश्न चिन्ह लगा रहा है। इन लोगों की मानसिकता को बदलना होगा। छोटे लाल सिद्धार्थ एवं सूर्य लाल वरूण ने कहा बाबा साहब अम्बेडकर और इन संतो के पद चिन्हों पर चलकर ही तरक्की कर सकता है। उमाशंकर बौद्ध ने कहा कि बस्ती शहर में स्थापित महापुरुषों की मूर्तियों का सम्मान सफाई व देखभाल ही सबसे पुनीत कर्तव्य है ।लक्ष्मी शशि बाला एवं राजेन्द्र कुमार कनौजिया ने महिलाओं और दबे, कुचले समाज को मुख्य धारा में लाने के लिए प्रयास करने एवं उनके बीच जाकर जागरूकता पैदा करने का आवाहन किया । प्रवीन कनौजिया ने कहा संत गाडगे एवं संत रविदास किसी स्कूल में नहीं पढ़े थे, परन्तु अशिक्षित व गरीबों को पढ़ाने के लिए तमाम शिक्षण संस्थाओं की स्थापना करके उनको शिक्षित करने का भरपूर प्रयास किया। रामनरेन्द्र एवं तिलकराम गौतम ने कहा कि 70 वर्ष की आजादी के बाद आज भी समाज को समुचित भागेदारी नहीं दी जा रही है। संत गाडगे एवं संत रविदास जी गरीबों, असहायों, विधवाओं तथा पशु–पक्षियों की सेवाओं में लगे रहते थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिवपूजन और संचालन विश्राम राव ने किया। कार्यक्रम में मेधावी छात्र–छात्राओं को पुरस्.त कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।कार्यक्रम को मनमोहन कन्नौजिया, आशाराम, रामनरेन्द्र, विजय प्रकाश, सूर्य लाल वरूण, छोटे लाल सिद्धार्थ, तिलक राम गौतम, कैलाश नाथ, प्रवीन कुमार कनौजिया, मनोज कुमार, राहुल राव, सन्तोष कुमार, एडवोकेट महेन्द्र कुमार गौतम, प्रशान्त कुमार, सुनील कुनौजिया, लक्ष्मण लाल, अजय कुमार, बुद्धि प्रकाश, राम पाल कनौजिया, राजेन्द्र कुमार, मोहन लाल, धर्मेन्द्र रत्न, रामू प्रसाद, प्रदीप कुमार भारती, माधव मुरारी लाल, सनोज कनौजिया, अर्जुन प्रसाद, अनिल कुमार कनौजिया, सीताराम भास्कर, अशोक कुमार, उमाशंकर बौद्ध, चन्द्र शेखर आदि ने सम्बोधित किया। बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# एएसपी ने सीओ सहित शोहरतगढ़ व ढेबरुआ थाना पुलिस के साथ होली पर्व के दृष्टिगत किया लैग मार्च

दैनिक बुद्ध का संदेश

शोहरतगढ़ / बढ़नी / सिद्धार्थनगर ।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक



सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन के आदेश के क्रम में रविवार को अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर प्रशान्त कुमार प्रसाद द्वारा क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ मयंक द्विवेदी सहित थाना शोहरतगढ़ व ढेबरुआ पुलिस के साथ आगामी त्यौहार होलिका दहन, होली व रमजान माह के .ष्टीगत सतर्कता एवं सुरक्षा को सु.ढ़ बनाये रखने हेतु थाना क्षेत्र शोहरतगढ़ के नपं शोहरतगढ़ कस्बा व ढेबरुआ के कस्बा बढ़नी में लैग मार्च / पैदल गश्त किया गया। वहीं पुलिस ने आम जनमानस मे सुरक्षा का एहसास कराते हुए आपस में सौहार्द बनाये रखने हेतु अपील की। इस दौरान शोहरतगढ़ थाने को प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सिंह व ढेबरुआ थाने के प्रभारी निरीक्षक दुर्गा प्रसाद सहित थाना शोहरतगढ़ एवं ढेबरुआ के अन्य अधिकारी / कर्मचारीगण मौजूद रहें।

# सपा के पूर्व विधायक पद के प्रत्याशी ने अल्पाइन व्हाइट रेस्टोरेंट का किया उद्घाटन



दैनिक बुद्ध का संदेश / राम बेलासप्रजापति

संत कबीरनगर ।सपा के पूर्व विधायकपद के प्रत्याशी जयराम पाण्डेय ने फीता काटकर अल्पाइन बाइट्स रेस्ट्रेन्ट का किया उद्घाटन। सिध्दीविनायक काम्पलेक्स में रेस्टोरेंट" का उद्घाटन के पूर्व विधायक पद के प्रत्याशी जयराम पांडे ने किया। अल्पाइन बाइट्स रेस्टूरेन्ट के प्रोपराइटर शोभित कुमार चौरसिया ने पूर्व विधायक प्रत्याशी के साथ दीपदान भी किया और अल्पाइन बाइट्स रेस्ट्रेन्ट के बारे में बताया कि हमारे यहां वेज–नान वेज खाने के सभी प्रकार के व्यंजन उपलब्ध मिलेंगे और जन्मदिवस, किटटटी पार्टी आदि के लिये हमारे यहां मेहदावल की नौदरी में उच्च स्तरीय व्यवस्था है, इस उद्घाटन मे विशाल गिरी राजेश गिरी ओमकार यादव सपा विधानसभा मेहदावल अध्यक्ष , जिला पंचायत सदस्यवार्ड नंबर 3 सपा के भावी प्रत्याशी शैलेश कुमार पांडे ,डॉ अशोक प्रजापति के पहुंचे और रेस्टूरेन्ट की तरक्की की कामना की। उक्त मौके पर सिद्धिविनायक परिसर के मालिक त्रिभुवन प्रसाद चौरसिया, चिंतामणि मिश्रा ,अमर गिरी,सुरेंद्र यादव,इत्यादि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# बसपा की तैयारी बैठक में 15 मार्च को लखनऊ कूंच की बनी रणनीति, बनाये सदस्य

दैनिक बुद्ध का संदेश

बस्ती। रविवार को बहुजन समाज पार्टी पिछड़ा वर्ग भाई



चारा कमेटी की बैठक बस्ती सदर विधानसभा क्षेत्र के अरईल दीगर पट्टी गांव में बसपा विधानसभा महासचिव उमाशंकर राव के नेतृत्व में सम्पन्न हुई। बैठक में बसपा की नीतियों, कार्यक्रमों से लोगों को जोड़ने के साथ ही बड़ी संख्या में अन्य दल छोडकर आने वालों को बसपा का सदस्य बनाया गया ।मुख्य अतिथि पिछड़ा वर्ग भाई चारा के जिला संयोजक के.सी. मौर्य और विशिष्ट अतिथि अनूप कुमार एडवोकेट ने कहा कि आगामी 15 मार्च को बसपा संस्थापक मान्यवर कांशीराम के जन्म जयन्ती अवसर पर लखनऊ के कांशीराम स्मारक स्थल पर विशाल कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कहा है कि इसमें बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी रहे। इसी एकजुटता से बसपा के सरकार बनाने का संकल्प पूरा होगा। बैठक में पिछड़ा वर्ग के हितों के लिये बसपा द्वारा किये गये कार्यो पर चर्चा की गई। संचालन विधानसभा संयोजक गौड़ महेश चन्द्रवंशी ने किया। बसपा विधानसभा महासचिव उमाशंकर राव ने कहा कि बस्ती से बड़ी संख्या में 15 मार्च को लोग कांशीराम स्मारक स्थल पहुंचेंगे ।बैठक में मुख्य रूप से रामलला गौड़, राजकिशोर मौर्य, राम किशन मौर्य, अगनू शर्मा, भैयाराम विश्वकर्मा, भालचंद मौर्य, राम आशीष मौर्य, बीरकुमार मौर्य, राम नरायन चौधरी, सुरेन्द्र चौधरी, रंगीलाल, संदीप कुमार, सजनलाल, भोलानाथ, ओमनाथ, श्रीकेश, दीपक, सुनील कुमार, श्रवण कुमार के साथ ही बसपा के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# एनएमएमएस परीक्षा में श्री सिंहेश्वरी इंटर कॉलेज के छात्रों की शानदार सफलता

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर ।राष्ट्रीय आय एवं योग्यता परीक्षा (एनएमएमएस)





सत्र 2026–27 में श्री सिंहेश्वरी इंटर कॉलेज तेतरी बाजार के कक्षा 8 के छात्रों ने उत्.ष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय व जनपद का नाम रोशन किया है ।परीक्षा में अमरजीत कुमार मौर्य ने जनपद में 19वां स्थान प्राप्त किया, जबकि अरविंद कुमार (पुत्र तौलेश्वर, निवासी महुवरिया, नौगढ़) ने 40वां स्थान हासिल किया। दोनों सफल छात्र किसान परिवार से संबंध रखते हैं, जिन्होंने कठिन परिस्थितियों में भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है ।छात्रों की इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रबंधक श्री संजय सिंह, प्रधानाचार्य विनय अनमोल सहित शिक्षक मधुरेंद्र कुमार मिश्र, हृदय नारायण मिश्र, रणजीत चौधरी, विनय कुमार गुप्त, गिरिजेश सिंह आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए छात्रों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की ।विद्यालय परिवार ने इस सफलता का श्रेय छात्रों की मेहनत, अनुशासन एवं शिक्षकों के सतत मार्गदर्शन को दिया है।

# व्यापारियों ने स्टेशन की बदहाली को लेकर सांसद बृजलाल को सौंपा ज्ञापन

दैनिक बुद्ध का संदेश

शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर ।उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल की शाखा शोहरतगढ़ के पदाधिकारियों एवं स्थानीय व्यापारियों ने राज्यसभा सांसद बृजलाल को ज्ञापन सौंपकर शोहरतगढ़ रेलवे स्टेशन की बदहाल स्थिति से अवगत कराया। व्यापारियों ने मांग की कि स्टेशन को शीघ्र ही अमृत भारत स्टेशन योजना में शामिल कर उसका समुचित विकास कराया जाए ।व्यापार मंडल के महामंत्री मनोज कुमार गुप्ता, राजकुमार मोदनवाल, दिलीप वर्मा सहित अन्य व्यापारियों ने सांसद को दिए ज्ञापन में बताया कि पिछले कई वर्षों से शोहरतगढ़ रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं हैं। स्टेशन पर न तो यात्री सुविधाओं का विस्तार किया गया है और न ही विकास कार्यों पर कोई विशेष ध्यान दिया गया है। व्यापारियों का कहना है कि अन्य रेलवे स्टेशनों के विकास की तुलना में शोहरतगढ़ रेलवे स्टेशन को लगातार उपेक्षित किया



गया है, जिससे क्षेत्र के व्यापार, आवागमन और स्थानीय लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि जनप्रतिनिधियों द्वारा सिद्धार्थनगर और बढ़नी रेलवे स्टेशन के विकास पर अधिक ध्यान दिया गया, जबकि शोहरतगढ़ स्टेशन को नजरअंदाज किया गया ।व्यापारियों ने सांसद बृजलाल से आग्रह करते हुए कहा कि शोहरतगढ़ रेलवे स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन योजना में शामिल कर आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जाए, ताकि क्षेत्र की पहचान और अस्तित्व सुरक्षित रह सके। उन्होंने विश्वास जताया कि सांसद के प्रयासों से स्टेशन का विकास संभव होगा और क्षेत्र के लोगों को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी।

# मृतक पंचायत सहायिका के परिजन से मिले जिला अध्यक्ष

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थ नगर ।थाना क्षेत्र कठेला समय माता के सौरहवां गांव में जाकर पंचायत सहायक संघ के जिला अध्यक्ष ने मृतक पंचायत सहायिका के परिजन से मुलाकात की ।पंचायत सहायिका की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के बाद पंचायत सहायक संगठन में शोक की लहर दौड़ गई। घटना की जानकारी मिलते ही पंचायत सहायक जिलाध्यक्ष गोविंद कुमार वर्मा के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारी एवं सदस्य पीड़िता के घर पहुंचे और परिजनों को सांत्वना दी ।मालूम हो कि शनिवार को पंचायत सहायिका का शव ससुराल में कमरे के पंखे से संदिग्ध अवस्था में लटका हुआ मिला था। मौके पर पहुंची पुलिस आवश्यक कार्यवाही कर मामले की जांच पड़ताल में जुटी है ।रविवार को पंचायत सहायक संघ जिला अध्यक्ष गोविन्द कुमार वर्मा मृतक पंचायत सहायिका के परिजन से मिले। जिला अध्यक्ष ने कहा कि पंचायत सहायिका के संदिग्ध मौत से पूरा पंचायत सहायक परिवार शोकाकुल है। इस संदिग्ध मौत में अगर कोई दोषी होगा तो बक्सा नहीं जाएगा। संगठन मृतक पंचायत सहायिका के परिजन के साथ खड़ा है। इसके लिए संगठन हर स्तर से गुजरने के लिए तैयार है ।मामले की निष्पक्ष जांच और न्याय सुनिश्चित कराने के लिए जिला प्रशासन से लेकर पुलिस प्रशासन तक हर स्तर पर सहयोग दिया जाएगा। उक्त समय पर पंचायत सहायक जीवन सिंह राजपूत, इटवा ब्लॉक अध्यक्ष रामजीत मौर्या , उपाध्यक्ष रमेश कुमार विश्वकर्मा , मोहम्मद साजिद , राहुल श्रीवास्तव , बालकेश यादव , राममूरत , यासिर असरार , फजलुर्रहमान सहित तमाम पंचायत सहायकों ने शोकाकुल परिवार से मुलाकात की। सभी ने इस दुखद घटना पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए हर मदद करने का भरोसा दिलाया।

# धुरिया समाज के उपाध्यक्ष ने उपहार एवं मिठाई बांटकर मनाई होली मिलन समारोह

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर ।आदिवासी विकास सेवा संस्थान के प्रदेश उपाध्यक्ष



मुरलीधर धुरिया द्बारा नगर पालिका सिद्धार्थनगर क्षेत्र हनुमन्तनगर (सेमरनार) में रविवार को होली मिलन समारोह कार्यक्रम किया गया। वहीं आयोजित होली मिलन समारोह में उपाध्यक्ष मुरलीधर धुरिया द्बारा धुरिया जनजाति समाज के महिलाओं और बुजुर्गों को उपहार एवं मिठाई बांटकर होली मिलन समारोह मनाई गयी। इस अवसर पर होली पावन पर्व की खुशियां संस्था के उपाध्यक्ष ने प्रदेश एवं देशवासियों को होली की ढ़ेर सारी शुभकामनाएं दिया। इस होली पावन पर्व कार्यक्रम के दौरान संस्था के ज्ञप्रदेश सचिव सन्तोष कुमार गोंड सहित प्रेमकुश धुरिया, लवकुश धुरिया, राजेश गोंड, हरिहर प्रसाद धुरिया, दीपू गोंड, विक्रम प्रसाद धुरिया, संगीता गोंड, सुनैना धुरिया, राजनरायन धुरिया सहित सैकड़ों धुरिया समाज की महिलाएं उपस्थित रहीं।

# जिलाध्यक्ष श्याम सुन्दर चौधरी ने किया सघन जनसम्पर्क, ग्रामीणों का मिला अपार समर्थन

दैनिक बुद्ध का संदेश

शोहरतगढ़ / सिद्धार्थनगर ।आगामी राजनीतिक सरगर्मियों के बीच शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र में जनसम्पर्क अभियान तेज हो गया है। इसी क्रम में आज जिलाध्यक्ष श्याम सुन्दर चौधरी ने क्षेत्र के दर्जनों गांवों का तूफानी दौरा किया। जनसम्पर्क के दौरान ग्रामीणों ने उनका भव्य स्वागत किया और पार्टी की नीतियों के प्रति अपनी आस्था जताई ।आज के भ्रमण के दौरान श्याम सुन्दर चौधरी ने विधानसभा क्षेत्र के प्रमुख गांवों का दौरा किया, जिनमें मुख्य रूप से अकरा, पकड़ी, बभनी, बैजनथा भटमला, पुरैना, बनफुकरा, जखौलियाबरैनिया, टेढ़ी, सरपतहा, बैदौली और नैदहर ।बैजनथा में



श्जनसंवाद चौपालश का आयोजनक्षेत्र के ग्राम बैजनथा में एक विशेष श्चौपालश का आयोजन किया गया। इस चौपाल में जिलाध्यक्ष ने सीधे जनता से संवाद किया और उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने सरकार और पार्टी की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी साझा की और लोगों को विकास की मुख्यधारा से जुड़ने का आह्वान किया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं और समर्थकों को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष श्याम सुन्दर चौधरी ने भावुक स्वर में कहा, ष्आज जनसम्पर्क के दौरान पार्टी के प्रति लोगों का जो लगाव, उत्साह और स्नेह मिला है, वह मुझे निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। क्षेत्र की जनता का यही विश्वास मेरा असली सम्बल और ताकत है ।ष्प्रत्येक गांव में मिल रहे समर्थन से पार्टी कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, जिलाध्यक्ष का जमीनी स्तर पर जुड़ाव और जनसंवाद कार्यक्रमों से क्षेत्र की जनता के बीच उनकी पकड़ और मजबूत हो रही है।

# कपिलवस्तु में विकास की नई रफ्तारः 5.69 करोड़ की लागत से चमकेंगी 5 प्रमुख सड़कें

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। उत्तर प्रदेश सरकार ने कपिलवस्तु विधानसभा क्षेत्र को विकास की एक बड़ी सौगात दी है। लोक निर्माण विभाग ने क्षेत्र के बुनियादी ढांचे को मजबूत करते हुए ध्5 करोड़ 69 लाख 48 हजार की लागत से 5 प्रमुख मार्गों के नवनिर्माण को हरी झंडी दे दी है। इस घोषणा के बाद से ही क्षेत्रीय ग्रामीणों और स्थानीय निवासियों में खुशी की लहर है ।सदर विधायक श्यामधनी राही ने इन स्वी.त परियोजनाओं का विवरण साझा करते हुए बताया कि मार्गों सिकरी लकड़ा संपर्क मार्ग (के. जी. बांध उत्तर ढाल) से छोटे सचिवालय होते हुए वीरेंद्र पाण्डेय के घर तक ।सिकरी लकड़ा–तुरकौलिया मार्गरू सिकरी लकड़ा से तुरकौलिया तक नए संपर्क मार्ग का निर्माण ।ककरही–खजूरडाड़ मार्गरू ककरही टड़िया गायघाट से तालभिरौना होते हुए खजूरडाड़ तक का मार्ग ।विभागीय संपर्क मार्गरू नगर पालिका सिद्धार्थनगर मार्ग से आवासीय परिसर होते हुए राष्ट्रीय मार्ग खंड (ट्रैक कार्यालय) तक ।झंगटी –एसएसबी कैंप मार्गरू झंगटी से एसएसबी कैंप मार्ग के किमी–1 से झंगटी गांव तक का निर्माण कार्य ।आर्थिक और सामाजिक विकास को मिलेगी गतिविधायक श्यामधनी राही ने कहा कि ये सड़कें केवल डामर की पट्टी नहीं हैं, बल्कि क्षेत्र की आर्थिक और सामाजिक प्रगति की जीवनरेखा बनेंगी। सड़कों के सु.ढ़ीकरण सेरूकिसानों को अपनी उपज मंडी तक पहुँचाने में आसानी होगी ।विद्यार्थियों को स्कूल–कॉलेज जाने में सुविधा मिलेगी ।विधायक श्यामधनी राही ने कहा कि ष्मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश का हर कोना संतुलित विकास से जुड़ रहा है।

इन सड़कों की स्वी.ति के लिए हम कपिलवस्तु की जनता की ओर से मुख्यमंत्री जी का आभार व्यक्त करते हैं।

# सांसद बृजलाल ने कलेक्ट्रेट परिसर में 60. 10 लाख के पार्क का किया लोकार्पण










दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। जनपद के कलेक्ट्रेट परिसर में जनसुविधाओं और सुंदरीकरण की दिशा में आज एक नया अध्याय जुड़ गया। राज्यसभा सांसद श्री बृजलाल जी ने जिलाधिकारी श्री शिवशरणप्पा जी एन की उपस्थिति में ध्60. 10 लाख की लागत से नवनिर्मित अत्याधुनिक पार्क का भव्य लोकार्पण किया ।लोकार्पण के पश्चात जनसभा को संबोधित करते हुए सांसद बृजलाल ने कहा कि स्वास्थ्य और शिक्षा हमेशा से उनकी प्राथमिकता रहे हैं। उन्होंने हर्ष व्यक्त किया कि उनकी निधि से निर्मित लाइब्रेरी में बच्चे उज्ज्वल भविष्य गढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा की ष्कलेक्ट्रेट परिसर में इस पार्क के बनने से स्थानीय लोगों को मॉर्निंग वॉक और टहलने की सुविधा मिलेगी। यह न केवल स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है बल्कि परिसर की सुंदरता को भी बढ़ा रहा है ।ष्सांसद ने सिद्धार्थनगर की पहचान काला नमक चावल (बुद्धा राइस) पर चर्चा करते हुए कहा कि इसकी खुशबू अब विदेशों तक पहुँच रही है। उन्होंने इसकी ऐतिहासिकता का जिक्र करते हुए आगाह किया कि इसकी ब्रांडिंग और गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होना चाहिए और इसमें किसी भी प्रकार की मिलावट को रोकना अनिवार्य है ।जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन ने सांसद का बुके देकर स्वागत किया और जनपद के विकास में उनके निरंतर सहयोग की सराहना की।

जिलाधिकारी ने बताया कि सांसद महोदय पिछले तीन दिनों से जनपद में विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण कर रहे हैं। सेवानिवृत्ति के बाद भी उनकी सक्रियता और जनहित के कार्यों के प्रति समर्पण प्रेरणादायक है ।इस अवसर पर जॉइंट मजिस्ट्रेट आयुष अग्रवाल, अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) गौरव श्रीवास्तव, पी. डी. नागेंद्र मोहन राम त्रिपाठी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## भक्ति के रस में डूबा कमसारः सांसद जगदंबिका पाल ने लिया राम कथा का आशीर्वाद।

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। विकास खंड भनवापुर के ग्राम सभा कमसार में



आयोजित भव्य संगीतमय श्श्री राम कथा ज्ञानयज्ञश के आठवें दिन आध्यात्मिक उल्लास चरम पर रहा। इस अवसर पर क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद श्री जगदंबिका पाल ने कार्यक्रम में शिरकत कर यज्ञ व्यास की आशीर्वाद प्राप्त किया। संगीतमय श्री राम कथा ज्ञानयज्ञ आठवां दिन मुख्य अतिथिरू सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि सौभाग्य से मिलता है कथा श्रवण का अवसर आगे जगदंबिका पाल ने कहा कि प्रभु श्री राम की कथा केवल एक कहानी नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला है। उन्होंने भावुक होते हुए कहा यह मेरा परम सौभाग्य है कि मुझे इस पावन ज्ञान यज्ञ में शामिल होने और व्यास पीठ का आशीर्वाद लेने का अवसर प्राप्त हुआ। ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में सकारात्मकता और आपसी भाईचारे का संचार होता है ।कथा के आठवें दिन संगीतमय कथा में सांसद के आगमन से आयोजकों और स्थानीय ग्रामीणों में भारी उत्साह देखा गया। कार्यक्रम में, आचार्य ज्योति किशोर जी, आचार्य शास्त्री दुर्गेश शुक्ला जी, ग्राम प्रधान लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी , गिरीश कुमार श्रीवास्तव, सुधीर त्रिपाठी, जयवर्धन तिवारी , दिनेश श्रीवास्तव सच्चिदानंद पांडेय, राजू पाल सचिन त्रिपाठी, बब्बू तिवारी,और क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति और बड़ी संख्या में महिला व पुरुष श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## भाजपा के नवनियुक्तजिलाध्यक्ष दीपक मौर्य का जिलाध्यक्ष डा0 पवन मिश्र ने किया भव्य स्वागत

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर ।जनपद मुख्यालय पर भारतीय जनता पार्टी के



नवनियुक्त जिलाध्यक्ष दीपक मौर्य के सम्मान में बीते दिन भव्य स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधान संगठन जिलाध्यक्ष डॉ0 पवन मिश्र सहित पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने माल्यार्पण कर उनका जोरदार स्वागत किया तथा संगठन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। स्वागत समारोह में प्रधान संगठन जिलाध्यक्ष डॉ0 पवन मिश्र ने भी अपने समर्थकों एवं टीम के साथ उपस्थित रहे। भाजपा पदाधिकारी सहित डा0 पवन मिश्र ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष को पुष्पगुच्छ भेंट कर हार्दिक शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की। इस अवसर पर प्रधान संगठन जिलाध्यक्ष डॉ0 पवन मिश्र ने अपने सामाजिक वक्तव्य में कहा कि दीपक मौर्य के जिलाध्यक्ष बनने से संगठन को नई ऊर्जा और मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि दीपक मौर्य एक कर्मठ, जुझारू और जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील व्यक्तित्व के धनी हैं, जिनके नेतृत्व में संगठन निश्चित रूप से नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि समाज के हर वर्ग को साथ लेकर विकास और जनसेवा के कार्यों को गति मिलेगी।

## डॉ0 निधि पाण्डेय ने पीएचडी की उपाधि प्राप्त कर जिले का नाम किया रोशन

दैनिक बुद्ध का संदेश

शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर ।जनपद सिद्धार्थनगर के लिए अत्यन्त हर्ष और गर्व का विषय है कि उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, जनपद सिद्धार्थनगर के प्रथम अध्यक्ष तथा विकास खण्ड खुनियांव के ग्राम पंचायत नागचौरी निवासी स्व0 ध्रुव नारायन पाण्डेय की नतिनी व केशरी नन्दन पाण्डेय की पुत्री कुमारी निधि पाण्डेय (नेहा) ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मुम्बई से "होलो फाइबर मेम्ब्रेन फॉर बायोआर्टिफिशियल किडनी एण्ड लिवर एप्लीकेशन" विषय पर डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पीएचडी) की उपाधि प्राप्त की है। डॉ0 निधि पाण्डेय का शोध कार्य बायोआर्टिफिशियल किडनी और लिवर के लिए होलो फाइबर मेम्ब्रेन के विकास पर आधारित है जो भविष्य में किडनी और लिवर रोगों के उपचार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उनकी यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे जनपद सिद्धार्थनगर के लिए गौरव का क्षण है। क्षेत्रवासियों सहित जनपदवासियों का कहना है कि डॉ0 निधि पाण्डेय की सफलता युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत है और यह साबित करती है कि ग्रामीण परिवेश से निकलकर भी उच्च शिक्षा के क्षेत्र में राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय



स्तर पर पहचान बनाई जा सकती है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष व जिला अध्यक्ष सिद्धार्थनगर राधारमण त्रिपाठी, पूर्व जिला कार्यवाह राममिलन त्रिपाठी, जितेन्द्र पाण्डेय, हिमांशु त्रिपाठी, नपं अध्यक्ष प्रतिनिधि शोहरतगढ़ रवि अग्रवाल, लालजी यादव, .पा शंकर त्रिपाठी, पवन ओझा, प्रधान संगठन जिलाध्यक्ष डॉ0 पवन मिश्रा, राजा योगेन्द्र प्रताप सिंह, मुस्तन शेरुल्लाह, डा0 शादाब अंसारी, सर्जन डॉ0 सरफराज अंसारी, सर्जन डॉ0 नसीम अहमद, डॉ0 सुशांत जायसवाल एवं डॉ0 इन्द्रेश तिवारी, रोहिणी त्रिपाठी, सौरभ पाण्डेय, साधना त्रिपाठी, शिवा त्रिपाठी, कविता तिवारी सहित अनेक गणमान्य लोगों ने डॉ0 निधि पाण्डेय को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। सभी ने ईश्वर से प्रार्थना की है कि वह निरन्तर प्रगति के पथ पर अग्रसर होकर अपने गांव, जिला, प्रदेश और देश का नाम रोशन करती रहें।

## अंग्रेजी व देशी शराब की बिक्री पर रहेगा प्रतिबन्ध

दैनिक बुद्ध का संदेश

शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर। शोहरतगढ़ तहसील क्षेत्र के अंग्रेजी व देशी शराब की दुकानों की शनिवार शाम को आबकारी निरीक्षक अमरेन्द्र कुमार सिंह की अगुवाई में आबकारी टीम ने स्टॉक और



बिक्री रजिस्टर की गहनता से जांच की। इस दौरान आबकारी निरीक्षक अमरेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि होली पर्व के दिन शराब की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबन्ध रहेगा। शराब की बिक्री करने वाले किसी भी अनुज्ञापी ने चोरी छिपे अधिक दामों पर शराब की बिक्री नहीं करेगा। शिकायत मिली तो सम्बन्धित अनुज्ञापी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। आबकारी निरीक्षक अमरेन्द्र कुमार सिंह ने नेपाली शराब की तस्करी रोकथाम के लिए एसएसबी जवानों संग बढ़नी कोटिया व खुनुवां सीमावर्ती क्षेत्रों में नेपाल की तरफ आने वालों की गहनता तलाशी ली। शोहरतगढ़–बढ़नी हाइवे मार्ग पर स्थित होटल व ढाबों की आकस्मिक चेकिंग किया गया। उन्हें हिदायत देते हुए कहा कि शराब की बिक्री न होने पाएं। शराब की बिक्री करने वाले दुकानदारों को सख्त निर्देश दिया कि दुकानों पर बेवजह भीड़ न लगने दें न ही शराब का सेवन करने दें। शान्तिपूर्ण तरीके से उचित दर पर शराब की बिक्री करें।

## राष्ट्रीय आय आधारित योग्यता परीक्षा में सिसवा शिवभारी के छात्रों ने बढ़ाया मान

दैनिक बुद्ध का संदेश

बढ़नी/सिद्धार्थनगर। विकास क्षेत्र बढ़नी अन्तर्गत उच्च प्राथमिक




विद्यालय सिसवा शिवभारी के मेधावी छात्र शिवा (पुत्र शिव प्रसाद) तथा सोहन का चयन राष्ट्रीय आय आधारित योग्यता परीक्षा में होने से विद्यालय व क्षेत्र में खुशी की लहर है। दोनों छात्रों की सफलता को शिक्षकों के मार्गदर्शन और उनकी मेहनत का परिणाम बताया जा रहा है। बताया जाता है कि शिवा पांच भाइयों और तीन बहनों में सबसे छोटा है। उसके पिता मेहनत–मजदूरी कर परिवार का भरण–पोषण करते हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद छात्र ने अपनी लगन और परिश्रम से यह उपलब्धि हासिल कर मिसाल पेश की है। शिवा ने जनपद स्तरीय गणित ओलंपियाड में भी प्रतिभाग किया है। साथ ही विज्ञान प्रतियोगिता में सर्वाधिक अंक प्राप्त कर जिले स्तर तक पहुंचकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया था। खण्ड शिक्षा अधिकारी बढ़नी अरुण कुमार के कुशल मार्गदर्शन में मिली इस सफलता पर प्रधानाध्यापक महेंद्र कुमार मिश्र, सहायक अध्यापक शाह आलम, दीप्ति कुमारी, निसार अहमद, मुस्तन शेरुल्लाह, उमेश मौर्य, नरेन्द्र मणि त्रिपाठी सहित विद्यालय परिवार ने दोनों छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में 161 बचे हुए सफल

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। देश के सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले कमजोर आय वर्ग के बच्चों हेतु संचालित राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा का परिणाम आज अपराह्न 2रू00 बजे से मदजकंजं.बव. पद पोर्टल पर जारी कर दिया गया द्यप्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त परीक्षा में जनपद सिद्धार्थ नगर से लगभग 1300 बच्चे शामिल हुए थे जबकि जनपद सिद्धार्थ नगर को कुल 164 सीटें आवंटित हैं जिसमे से 161 सीटों पर बच्चे स्थान बनाने में सफल हुए हैं 3 सीटें अनुसूचित जनजाति के कोटे की फिर से रिक्त रह गई है द्य लोटन क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय पननी के बच्चों ने एक बार पुनः इस परीक्षा में अपनी सफलता का परचम लहराते हुए 20 सीटों पर कब्जा जमायाद्य खेसरहा क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय आकोली से 8 बच्चे, भनवापुर क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय कोहडौरा से 5 बच्चे,जोगिया क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय टांडिया से 5 बच्चे, नवगढ़ क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय खलीलपुर से चार बच्चे, बर्डपुर क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय मधुबनिया से 4 एवं पी एम श्री कंपोजिट विद्यालय चकई जोत से 4 बच्चे, इटवा विकास क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय पचपेड़वा से 7 बच्चे मेरिट सूची में स्थान बनाने में सफलता प्राप्त किये द्य राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षक दयाशंकर पांडे ने बताया कि इस साल जनरल केटेगरी का कट ऑफ 102,अन्य पिछड़ा वर्ग 91,अनुसूचित जाति 87 एवं दिव्यांग की मेरिट सूची का कट ऑफ 83 था द्य उक्त परीक्षा में चयनित बच्चों कों कुल 48000ध की छात्र वृति नेशनल स्कालरशिप पोर्टल के माध्यम से मिलती है जिला विद्यालय निरीक्षक,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं शैलेश कुमार एवं समस्त खंड शिक्षा अधिकारीयों ने सभी चयनित बच्चों एवं उनके मार्गदर्शक शिक्षकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

## चिड़ियाघर का परिषदीय विद्यालयों के 100 बच्चों ने किया भ्रमण

दैनिक बुद्ध का संदेश

उस्का बाजार ।राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत उस्का बाज़ार विकास खंड के परिषदीय उच्च प्राथमिक विद्यालयों के 100 बच्चों ने रविवार को शहीद अशफाक उल्लाह खान प्राणि उद्यान का शैक्षिक भ्रमण किया। यह भ्रमण




बीईओ ओमप्रकाश मिश्रा की देखरेख में संपन्न हुआ। बीआरसी परिसर से बीईओ ने हरी झंडी दिखाकर दो बस को रवाना किया। भ्रमण के दौरान बच्चों ने प्राणि उद्यान में विभिन्न वन्य जीवों को नजदीक से देखा और उनके बारे में जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। इसके बाद बच्चों ने नौका विहार का भी आनंद लिया। बीईओ स्वयं पूरे समय बच्चों के साथ रहे और व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहे। उन्होंने बताया कि इस तरह के शैक्षिक भ्रमण से बच्चों का बौद्धिक विकास होता है और उन्हें पुस्तकीय ज्ञान के साथ–साथ व्यावहारिक जानकारी भी मिलती है। भ्रमण के दौरान शिक्षकों ने भी बच्चों को वन्यजीव संरक्षण और पर्यावरण के महत्व के बारे में जानकारी दी। बच्चों के लिए स्टेशनरी, भोजन आदि की व्यवस्था की गई थी। इस दौरान अभय श्रीवास्तव, हरिशंकर सिंह, रामसेवक गुप्ता,किरन यादव, सुनैना गौड़, बालजीत कुमार, शैलेंद्र राय,अशोक यादव, संतोष सिंह, प्रेमसागर आदि उपस्थित रहे।

## होली के उपलक्ष्य पर 07 परिवारों को एक कर उनके जीवन में रंग भरते हुए किया एक साथ विदा

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर ।जनपद सिद्धार्थनगर की महिला थाना सिद्धार्थनगर की प्रभारी निरीक्षक भाग्यवती पाण्डेय द्वारा अपनी टीम के साथ रविवार को 07 जोड़ों के बीच मनमुटाव को दूर करते हुए एक साथ विदा किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डा0 अभिषेक महाजन के कुशल नेतृत्व में एवं अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर प्रशान्त कुमार प्रसाद के कुशल निर्देशन में व क्षेत्राधिकारी सदर विश्वजीत सौरयान के कुशल पर्यवेक्षण में रविवार को महिला थाना सिद्धार्थनगर पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र मे प्रभारी




निरीक्षक महिला थाना भाग्यवती पाण्डेय द्वारा 07 परिवारों को एक साथ विदा किया गया। वहीं निम्न 07 परिवारों को बिखरने से बचाने मे प्रभारी निरीक्षक श्रीमती भाग्यवती पाण्डेय व काउंसलिंग टीम में उप निरीक्षक रामनारायण शुक्ला, महिला हेड कांस्टेबल आशा गौड़, महिला हेड आरक्षी रीना रावत, महिला आरक्षी प्रियंबदा सिंह, महिला आरक्षी संगीता गौतम, महिला आरक्षी प्रगति राय, महिला आरक्षी शिवानी सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस दौरान 07 परिवारों में सकीना पत्नी वहाब साकिन डुमरिया लाल थाना मिश्रौलिया, खुशबू भट्ट पत्नी सरयू सकीं भटपुरवा थाना शिवनगर डिडई, मदीना पत्नी गुलाम हुसैन साकिन हटवा थाना शोहरतगढ़, राजकुमारी पत्नी सूर्य प्रकाश साकिन शंकरपुर थाना सोनहा जनपद बस्ती, अंजनी पत्नी अशोक साकिन रसूलपुर थाना मोहाना, किरण पत्नी विजय साकिन बेलवा थाना खेसरहा, हसीना पत्नी अमीर शाह साकिन कछुलिया थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर है।

## कोलकाता में भूकंप के जोरदार झटके, 5.3 तीव्रता से कांप उठी धरती

शुक्रवार दोपहर करीब 1रू30 बजे कोलकाता में जोरदार भूकंप आया, जिसके झटके पूरे शहर में महसूस किए गए। **US** जियोलॉजिकल सर्वे के मुताबिक, सीस्मिक डेटा ने भूकंप की पुष्टि की है, शुरुआती रिपोर्ट में इसकी तीव्रता 5.3 बताई गई है। न्ळै ने बताया कि भूकंप का सेंटर पश्चिम बंगाल के टाकी से 26



ाउ दक्षिण–पूर्व में था। भूकंप दोपहर 1:22 बजे **IST** पर 9.8 **km** की गहराई पर आया, जिसका कोऑर्डिनेट 22.451°**N** और 89. 139°E था। अधिकारियों ने अभी तक किसी नुकसान या मौत की सूचना नहीं दी है।

# सम्पादकीय

**ऐसा नहीं है, क्योंकि एनसीईआरटी में कई स्तरों पर पाठ्यक्रम और विषय–वस्तु तय किए जाते हैं। विशेषज्ञ और समितियां होती हैं। तो फिर लेखकों को ही `काली सूची' में डालने का औचित्य समझ के परे है। एनसीईआरटी में पाठ्य पुस्तकों को लेकर विवाद होते रहे हैं। यह सरकार की वैचारिक दखलअंदाजी हो सकती है या कुछ और, लेकिन विवाद सामने ...**

## किताब पर 'सुप्रीम' पाबंदी

सर्वोच्च अदालत ने एक किताब पर 'पूर्ण प्रतिबंध' (ब्लैंकेट बैन) का आदेश दिया है, जिसमें 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' का अध्याय संकलित था। किताब 8वीं कक्षा में सामाजिक विज्ञान के तौर पर पढ़ाई जानी थी। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के अधीन स्वायत्त संस्था 'राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्' (एनसीईआरटी) ने छापी थी। देश के प्रधान न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत समेत अन्य न्यायाधीश भी बहुत कुपित हुए और इस अध्याय को शामिल करने को 'गहरी साजिश' करार दिया। प्रधान न्यायाधीश की टिप्पणी थी कि एनसीईआरटी ने गोली चला दी है और न्यायपालिका लहूलुहान है। यह महज एक गलती नहीं है, बल्कि न्यायपालिका की गरिमा गिराने और युवाओं के भीतर जहर भरने की एक 'सोची–समझी साजिश' लगती है। संस्था के निदेशक ने गलती मानने के बजाय लिखित में इन विवादित अंशों का बचाव किया है। यह और भी गंभीर है। हम पता लगाएंगे। सिर तो कटेंगे, हम गहरी जांच करेंगे। हम न्यायपालिका सरीखे संवैधानिक संस्थान को इस तरह बदनाम नहीं होने देंगे। न्यायपालिका पर आज भी करोड़ों लोगों का विश्वास, भरोसा है। उसे टूटने कैसे दिया जा सकता है?' इसी के साथ न्यायिक पीठ ने किताब के फिजिकल या डिजिटल, हार्ड या सॉफ्ट और वेब पोर्टल आदि सभी प्रारूपों और संस्करणों को जब्त करने का आदेश दिया है। किताब की जो 38 प्रतियां बिक चुकी हैं, उन्हें भी हासिल कर जब्त किया जाए। न्यायिक पीठ ने एनसीईआरटी के निदेशक दिनेश प्रसाद सकलानी और केंद्रीय स्कूल शिक्षा सचिव को नोटिस जारी कराए हैं। वे 11 मार्च को अदालत में मौजूद रहेंगे। सर्वोच्च अदालत ने यहां तक कहा है कि क्यों न निदेशक के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई की जाए? अदालत ने जो आदेश दिया है, उसकी अनुपालना रपट दो सप्ताह में जमा करानी होगी। सामाजिक विज्ञान की ऐसी किताब और उसमें न्यायपालिका में व्याप्त भ्रष्टाचार की खबर सामने आई, तो कैबिनेट की बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने भी गुस्सा जताते हुए सवाल किया–यह हम क्या पढ़ा रहे हैं? कौन देख रहा है यह सब? ऐसी सामग्री का अनुमोदन कौन कर रहा है? किसी को तो जवाबदेह ठहराना चाहिए। प्रधानमंत्री की यह सख्त टिप्पणी, हालांकि, सूत्रों के हवाले से सार्वजनिक हुई है। बहरहाल किताब के विवादित अध्याय में लिखा गया है कि सर्वोच्च अदालत में करीब 81,000 मुकदमे लंबित हैं, जबकि देश के उच्च न्यायालयों में यह आंकड़ा करीब 62.40 लाख है। 2017–21 के दौरान भ्रष्टाचार की करीब 1600 शिकायतें दर्ज की गईं। प्रधान न्यायाधीश के दफ्तर को जो शिकायतें मिलीं, वे अलग हैं। 2016–25 के दौरान न्यायाधीशों के खिलाफ 8639 शिकायतें मिलीं, यह कानून मंत्रालय ने संसद में खुलासा किया है। क्या ये शिकायतें ही भ्रष्टाचार की प्रमाण हैं अथवा यह व्यवस्था का गंभीर सवाल है? क्या शिकायतों के आधार पर ही मान लिया जाए कि समूची न्यायपालिका भ्रष्ट है और गरीब, जरूरतमंद आदमी के लिए न्याय मिलना बहुत मुश्किल है? दरअसल आजकल संवैधानिक संस्थाओं के खिलाफ संस्थानगत हमले किए जा रहे हैं और यह एक नया फैशन बन गया है। विवादित किताब के लिए क्या लेखक ही 'खलनायक' हैं? ऐसा नहीं है, क्योंकि एनसीईआरटी में कई स्तरों पर पाठ्यक्रम और विषय–वस्तु तय किए जाते हैं। विशेषज्ञ और समितियां होती हैं। तो फिर लेखकों को ही 'काली सूची' में डालने का औचित्य समझ के परे है। एनसीईआरटी में पाठ्य पुस्तकों को लेकर विवाद होते रहे हैं। यह सरकार की वैचारिक दखलअंदाजी हो सकती है या कुछ और, लेकिन विवाद सामने आते रहे हैं। मसलन–मुगल इतिहास को 12वीं की किताब से हटाया गया। गांधी की हत्या और आरएसएस की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि को हटाया गया। किताबों में अब 1984, 1992 और 2002 के दंगों के उल्लेख नहीं हैं। संविधान की प्रस्तावना तक पढने को छात्रों को वंचित किया गया। ऐसे अनगिनत उदाहरण हैं।

## फाग की झाग और होली का उमंग



खेले मसाने में होली, होली खेले रघुबीरा अवध में होली खेले रघुबीरा। देखिए भगवान शिव और प्रभु श्रीराम धरती पर विराजमान हैं। अनुभूति कीजिए वे लोक में रचे बसे हुए हैं। भारतीय संस्.ति में उत्सव और उल्लास का पर्याय है श्फागश। जब हम फाग की झाग की बात करते हैं, तो इसका अर्थ उस उमंग, मस्ती और आनंद के उफान से है जो होली के आसपास समूचे उत्तर भारत, विशेषकर ब्रज क्षेत्र में देखने को मिलता है। फाग केवल एक गीत नहीं, बल्कि वसंत के स्वागत का एक जीवंत उत्सव है। फाग का सांस्.तिक आधार गहरा है। दरअसल भारतीय परंपरा में फाग का संबंध फाल्गुन मास से है। यह वह समय है जब प्र.ति अपना श्रृंगार करती है, खेतों में सरसों लहलहाती है और टेसू (पलाश) के फूल जंगलों को केसरिया रंग से भर देते हैं। ध्यातव्य है कि फाग का केंद्र श्ब्रजश (मथुरा–वृंदावन) है, जहाँ इसे भगवान कृ.ष्ण और राधा के प्रेम के प्रतीक के रूप में गाया जाता है। फाग अकेले नहीं, बल्कि समूह में गाया जाता है। इसमें ढोलक, मंजीरे और डफ की थाप पर लोग अपनी सुध–बुध भूलकर झूमते हैं। फाग की झाग को देखिए। यहां मस्ती का उफान है। झाग शब्द यहाँ प्रतीकात्मक है। जैसे दूध या समुद्र की लहरों में झाग होता है। फाग के गीतों में आनंद का उफान चरम पर होता है। फाग के गीतों में अक्सर देवर–भाभी, जीजा–साली और नायक–नायिका के बीच मीठी नोकझोंक होती है। यह सामाजिक मर्यादाओं के बीच स्वस्थ मनोरंजन का एक झरोखा है। यहां लोकगीतों की मिठास है। होली खेलें रघुवीरा अवध में या आज बिरज में होरी रे रसिया जैसे गीत इसी परंपरा की देन हैं। ऊपरी तौर पर यह मस्ती है, लेकिन इसके भीतर भक्ति छिपी होती है। यहाँ भक्त और भगवान के बीच का फासला मिट जाता है और सब एक ही रंग झाग में रंग जाते हैं।

लेखक विनय कांत मिश्र/दैनिक बुद्ध का संदेश

## मुफ्त की रेवडियों से कर्ज के अंधकूप में देश

**मुफ्त की रेवड़ी बांटने में कोई पीछे नहीं है। केंद्र में बतौर विपक्षी पार्टी आलोचना करने वाली कांग्रेस अपनी सत्ता वाले राज्यों में खुल कर रेवडियां बांटती रही है। उसी तरह केंद्र में खुल कर यह काम करने वाली भाजपा, राज्यों में कांग्रेस व अन्य पार्टियों का इसके लिए विरोध करती है। बीते नौ साल में प्रति व्यक्ति कर्ज तीन गुना बढ़ गया है। इसका एक बड़ा कारण केंद्र व राज्य सरकारों द्वारा जनता को खुलेआम रेवडियां बांटना भी है...**

चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के संस्थापक माओ त्से तुंग ने कहा था कि किसी आदमी को एक मछली दो और तुम उसे एक दिन के लिए खिलाओगे। उसे मछली पकडना सिखाओ और तुम उसे जिंदगी भर खिलाओगे। आज के भारतीय शब्दों में यह है कि हर नेता जो मुफ्त चीजों का वादा करता है, असल में यह कह रहा है कि मैं तुम्हें एक अच्छी रोजी–रोटी और रेगुलर इनकम की इज्जत नहीं दे सकता। इसलिए अभी के लिए यह कुछ है, इसी से काम चला लो। चुनाव आते ही मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए राजनीतिक दलों में मुफ्त की रेवड़ी बांटने की होड़ लग जाती है। कोई मुफ्त बिजली और पानी देने की बात करता है तो कोई स्मार्टफोन, लैपटॉप, साइकिल और टीवी की बात करता है। सुप्रीम कोर्ट ने मुफ्त सुविधाएं देने की संस्कृति की कड़ी आलोचना करते हुए कहा है कि देश के आर्थिक विकास में बाधा डालने वाली ऐसी नीतियों पर पुनर्विचार करने का समय आ गया है। तमिलनाडु पावर डिस्ट्रीब्यूशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने एक याचिका दायर कर उपभोक्ताओं की वित्तीय स्थिति पर गौर किए बिना हर किसी को निरूशुल्क बिजली प्रदान करने का प्रस्ताव दिया था। हालांकि, कोर्ट ने द्रविड़ मुनेत्र कषगम (डीएमके) सरकार के नेतृत्व वाली बिजली वितरण कंपनी की मुफ्त बिजली उपलब्ध कराने का प्रस्ताव रखने वाली याचिका पर केंद्र और अन्य को नोटिस जारी किया है। बिजली वितरण कंपनी ने सुप्रीम कोर्ट में विद्युत संशोधन नियम 2024 के एक नियम को चुनौती दी थी। इस पर सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि मुफ्त की चीजें देकर राज्य सरकारें लोगों की आदतें खराब कर रही हैं।

कोर्ट ने आगे कहा कि इन लोगों को रोजगार सृजन पर ध्यान देना चाहिए। कोर्ट ने कहा कि कई राज्य सरकारें कर्ज और घाटे से दबी हुई हैं। इसके बावजूद वे मुफ्त योजनाएं बांट रही हैं। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत की पीठ ने पूछा कि बिजली शुल्क अधिसूचित होने के बाद तमिलनाडु की कंपनी ने अचानक जेब ढीली करने का फैसला क्यों किया। प्रधान न्यायाधीश ने कहा राज्यों को रोजगार के रास्ते खोलने के लिए काम करना चाहिए। अगर आप सुबह से शाम तक मुफ्त भोजन देना शुरू कर देंगे, फिर मुफ्त साइकिल, मुफ्त बिजली देंगे, तो कौन काम करेगा और फिर कार्य संस्कृति का क्या होगा। सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडू सरकार से कहा कि वैलफेयर के तौर पर आप उन लोगों को देना चाहते हैं जो बिजली का चार्ज नहीं दे सकते, लेकिन जो लोग खर्च उठा सकते हैं और जो नहीं उठा सकते, उनके बीच फर्क किए बिना, आप बांटना शुरू कर देते हैं। तमिलनाडु के वित्त मंत्री थंगम थेन्नारसु ने विधानसभा में वित्त वर्ष 2026–27 के लिए अंतरिम बजट पेश किया था। इसमें अनुमान के मुताबिक, राज्य का कुल बकाया कर्ज बढकर 10.71 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच सकता है। इस बढ़ते कर्ज के लिए वित्त मंत्री थंगम थेन्नारसु ने केंद्र को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र तमिलनाडु में वित्तीय अस्थिरता पैदा करने की कोशिश कर रहा है। वित्त मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की मंजूरी नहीं दे रही है और केंद्र प्रायोजित योजनाओं का फंड रोक रही है। उन्होंने जीएसटी दरों में कटौती और 16वें वित्त आयोग की रिपोर्ट पर भी निराशा जताई। मंत्री थेन्नारसु के अनुसार संघीय ढांचे में राज्यों के साथ ऐसा अनुचित व्यवहार पहले कभी नहीं देखा गया। द्रमुक (डीएमके) सरकार ने अपनी फ्लैगशिप योजनाओं के लिए फंड की कमी नहीं होने दी। महिलाओं के लिए 'विदियाल पयानम' योजना (मुफ्त बस यात्रा) के लिए 4000 करोड़ रुपए आवंटित किए गए। इसके अलावा छात्रों के लिए बस किराए की योजना हेतु 1782 करोड़ रुपए और डीजल सब्सिडी के लिए 1857 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। कुल मिलाकर परिवहन विभाग को 13062 करोड़ रुपए मिले। सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के लिए भी सरकार ने 5463 करोड़ रुपए का बड़ा हिस्सा अलग रखा है। तमिलनाडु में पिछले 4 वर्षों में प्रति परिवार कर्ज तेजी से बढकर लगभग 3.7 लाख रुपए तक पहुंच गया है, जो राज्य की गंभीर वित्तीय स्थिति को दर्शाता है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार तमिलनाडु पर देश में सर्वाधिक 8.34 लाख करोड़ रुपए कर्ज है। दूसरे नंबर पर उत्तर प्रदेश है। इस पर 7.69 लाख करोड़ रुपए कर्जा है। इसी तरह महाराष्ट्र पर 7.22 लाख करोड़, पश्चिम बंगाल पर 6.58 लाख करोड़, कर्नाटक पर 5.97 लाख करोड़, राजस्थान पर 5.62 लाख करोड़, आंध्र प्रदेश पर 4.85 लाख करोड़ रुपए का कर्जा है। गुजरात पर 4.67 लाख करोड़, केरल पर 4.29 लाख करोड़, मध्य प्रदेश पर 4.18 लाख करोड़, तेलंगाना पर 3.89 लाख करोड़, पंजाब पर 3.51 लाख करोड़, हरियाणा पर 3.36 लाख करोड़, बिहार पर 3.19 लाख करोड़ और असम पर 1.51 लाख करोड़ रुपए का कर्ज है। वर्ष 2016–17 के बाद कर्ज पर निर्भरता लगातार बढ़ती गई। वोट बैंक की राजनीति के कारण ऐसी लोकलुभावन मुफ्त की योजनाओं के कारण छोटा पहाड़ी राज्य हिमाचल प्रदेश डेब्ट ट्रैप में फंस गया है। आलम यह है कि हिमाचल सरकार के पास लिए गए कर्ज की मूल रकम व उस पर लगने वाले ब्याज को चुकाने के लिए भी पर्याप्त पैसा नहीं है। वहीं, कर्ज लेने की लिमिट सिर्फ 10 हजार करोड़ रुपए है। अगले वित्तीय वर्ष में कर्ज व ब्याज चुकाने के लिए 13 हजार करोड़ चाहिए।

## कृत्रिम बुद्धिमत्ता को लेकर दुनिया के सब देशों में चर्चा

**भारतीय राजनीति का दुखांत इतना ही नहीं है। वह इससे भी आगे जाता है। उसकी मां इस बात पर जिद्द किए बैठी हैं कि इसे हर हालत में भारत का प्रधानमंत्री बनाना है। बस एक छलांग ही तो बची है। अब `विपक्ष के नेता' तक की सीढ़ी पर तो बैठे ही हैं। राहुल गांधी की भी अपनी जिद्द है। जब तक प्रधानमंत्री नहीं बना देते तब तक मेरे ये `शेर' हर जगह, मौके–बेमौके ऐसे ही घूमेंगे। लेकिन लगता है पानी सिर से ...**

कुलदीप चंद अग्निहोत्री

कृत्रिम बुद्धिमत्ता को लेकर आजकल दुनिया के सब देशों में चर्चा चल रही है। कहा जा रहा है कि भविष्य इसी बुद्धिमता का बचा है। इसको लेकर चौथा विश्व सम्मेलन पिछले दिनों भारत की राजधानी दिल्ली के भारत मंडपम में हुआ था। इस सम्मेलन में दुनिया भर के वैज्ञानिक, उद्योगपति, राजनीतिज्ञ, विश्वविद्यालय, छात्र व अन्य लोग एकत्रित हुए थे। कई देशों के मुखिया इसमें भाग ले रहे थे। भारत के लिए यह सचमुच गौरव की बात थी कि इस वैश्विक सम्मेलन का आयोजन करने का अवसर उसे मिल रहा था। लेकिन कांग्रेस के कुछ नेताओं ने इसमें गड़बड़ करने की शायद पहले से ही योजना बना रखी थी। उसके दस नेताओं ने इस सम्मेलन में भाग लेने के लिए ऑनलाइन पंजीकरण करवा रखा था। इसके लिए यकीनन गुप्त रूप से तैयारी की गई होगी। किसी प्रेस से टी–शर्ट पर नरेंद्र मोदी की टीका टिप्पणी वाला चित्र छपवाया गया। उस टी शर्ट पर एक दूसरी साधारण कमीज पहन ली गई। पंजीकरण तो था ही। इस प्रकार कांग्रेस के ये दस नेता भारत मंडपम में दाखिल हो गए। कांग्रेस के इन नेताओं ने वहां विश्वभर के लोगों के सामने अपने शरीर के ऊपरी भाग के कपड़े उतार दिए। शुरू में तो वहां एकत्रित लोगों ने यही समझा कि ये भी शायद एआई से निर्मित भारत के रोबोट हैं जिनका प्रदर्शन किया जा रहा है। सम्मेलन के शुरू में ही गलगोटिया विश्वविद्यालय ने एक कृत्रिम चीनी कुत्ते को अपना कह कर भद्द पिटवा ली थी। इसलिए नारे लगाते इन दस लोगों को देख कर शुरू में भ्रम होना ही था कि शायद भारत निर्मित रोबोट हैं। कुछ लोगों ने तो यह भी समझा होगा कि भारत ने एआई के क्षेत्र में इतनी बड़ी छलांग लगा ली है कि वह आर्गेनिक एआई तक पहुंच गया है जहां रोबोट मनुष्यों की तरह सोचता भी है।

चेतना युक्त रोबोट। लेकिन फिर इन दस नेताओं ने अलग अलग मुद्राओं में नरेन्द्र मोदी के खिलाफ नारे लगाने शुरू कर दिए। इनका कहना था कि ये वहां नरेन्द्र मोदी के खिलाफ प्रदर्शन करने के लिए गए थे। कुछ दिन बाद सोनिया गान्धी परिवार के राहुल गान्धी ने स्वयं खुलासा किया कि ये उसके 'शेर' थे। अब मामला साफ हो गया था कि यह सारी करतूत किसकी और क्यों थी। पहले चीनी कुत्ते ने भद्द पिटवाई और अब राहुल गान्धी के दस शेरों ने। प्रदर्शन करना कोई बुरी चीज नहीं है। यह समय समय पर करते रहना चाहिए। उससे पता चलता रहता है कि इस दिशा में भी देश कितनी प्रगति कर रहा है। इस काम के लिए भारत ने तो स्थान और सुविधा भी दे रखी है। दिल्ली में ही जहां राहुल गान्धी के दस शेर भारत मंडपम में घुस गए गए थे, सरकार ने जंतर मंतर पर प्रदर्शनों की सब प्रकार की 'सुविधापूर्ण प्रदर्शन स्थली' बना रखी है। लेकिन इन दस शेरों को शायद दुनिया के आगे नरेन्द्र मोदी के खिलाफ प्रदर्शन करना था। परन्तु एक और प्रश्न भी पैदा होता है। यह विश्व सम्मेलन तो 'भारत' का था। यह सम्मेलन मोदी का नहीं था। यहां प्रदर्शन या विरोध का अर्थ था भारत का विरोध। यहां लगाए गए नारे परोक्ष रूप से भारत के खिलाफ लगाए गए नारे ही थे। दरअसल जब कोई व्यक्ति या संस्था अपनी सामान्य बुद्धि से कार्य करती है तो वह कार्य तार्किक हो सकता है। लेकिन जब किसी व्यक्ति या संस्था का संचालन कृत्रिम बुद्धिमत्ता से किया जाने लगे तो उसका विश्लेषण सामान्य पैमानों से नहीं किया जा सकता। उदाहरण के लिए यदि प्रश्न पूछा जाए कि कृत्रिम बुद्धि से संचालित व्यक्ति कैसा व्यवहार कर सकता है, तो इसके कई उत्तर हो सकते हैं, मसलन वह आग में भी कूद सकता है, समुद्र में भी छलांग लगा सकता है, हवा में भी उड़ सकता है, भरी सभा में अपने कपड़े भी उतार सकता है, किसी को खंजर भी घोंप सकता है। यही कारण है कि आजकल जहां एआई यानी कृत्रिम बुद्धिमत्ता के लाभों की चर्चा हो रही है वहीं उसके नुकसानों पर भी चर्चा होने लगी है। एआई की सीमा यह है कि उसका नियंत्रण किसी दूसरे के हाथ में होता है।

जैसे कठपुतलियों का नाच बगैरह। लेकिन कई बार गड़बड़ हो जाती है। विवाह में नाचने वाली कठपुतली फिजिक्स के सेमिनार में नाचने लगती है। यकीनन तब वहां शिरकत कर रहा कोई भी उसकी कला की प्रशंसा तो नहीं करेगा बल्कि कहेगा, इसको यहां से निकालो। यदि वही कठपुतली किसी विवाह स्थल पर अपनी कला का प्रदर्शन करेगी तो वाहवाही बटोरेगी। कांग्रेस के ये दस बड़े नेता जो भारत मंडपम में विविध भाव भंगिमाओं में अपनी कला का प्रदर्शन कर रहे थे यकीनन वाहवाही तो नहीं ही बटोर रहे थे। लेकिन वाहवाही बटोरना उनका शायद उद्देश्य भी नहीं था। उनका उद्देश्य तो भारत की भद्द पिटवाना था। कोई भी मौका हो, कोई भी स्थान हो, वे भारत की भद्द पिटवाने का कोई भी मौका हाथ से नहीं जाने देंगे। अब तो यह भी कहा जाने लगा है कि गलगोटिया विश्वविद्यालय के चीनी कुत्ते के प्रकरण की भी बाकायदा जांच की जाए, वहां भी कहीं इन 'भद्द पिटवाने वाली जुंडली' के तार तो नहीं जुड़े हुए। कुछ लोगों ने यह भी कहा कि कांग्रेस के कुछ कार्यकर्ताओं ने अति उत्साह में आकर यह हरकत की है, शायद वे अपने नेताओं की नजर में अपनी कीमत बढ़वाना चाहते होंगे। शायद ऐसा मान भी लिया गया होता। इस थ्योरी का खंडन स्वयं राहुल गान्धी ने ही समय रहते कर दिया। उसके कहने का भाव यह था कि इन्हें कोई साधारण कार्यकर्ता न समझ लें। ये तो उसके 'शेर' हैं। इस मरहले पर डा. नवजोत कौर सिद्धु का ध्यान आता है। सिद्धु परिवार का राहुल गान्धी और प्रियंका गान्धी के साथ बहुत अपनत्व वाला संबंध रहा है। अपने इन लंबे संबंधों का विश्लेषण करते हुए कुछ दिन पहले ही डा. सिद्धु ने राहुल गान्धी पर टिप्पणी करते हुए दुरूख प्रकट किया था कि वह 'पप्पू' के स्तर से ऊपर नहीं उठ पा रहा है। लेकिन भारतीय राजनीति का दुखान्त इतना ही नहीं है।

वह इससे भी आगे जाता है। उसकी मां इस बात पर जिद्द किए बैठी हैं कि इसे हर हालत में भारत का प्रधानमंत्री बनाना है। बस एक छलांग ही तो बची है। अब 'विपक्ष के नेता' तक की सीढ़ी पर तो बैठे ही हैं। राहुल गान्धी की भी अपनी जिद्द है। जब तक प्रधानमंत्री नहीं बना देते तब तक मेरे ये 'शेर' हर जगह, मौके बेमौके ऐसे ही घूमेंगे। लेकिन लगता है पानी सिर से गुजरने लगा है। कपड़े उतारकर प्रदर्शन करने वाले इन दस नेताओं की पिटाई वहां की साधारण जनता ने कर दी। क्या कांग्रेस या राहुल गान्धी इस प्रकरण से कुछ सीखेंगे? जिन्होंने हरियाणा, बिहार, महाराष्ट्र के चुनावों से कुछ नहीं सीखा, वे अब अपनी ही इन रोबोटनुमा हरकतों से भला क्या सीख सकते हैं। अलबत्ता भारत के लोग इससे अवश्य सीख लेंगे कि यह कांग्रेस अब महात्मा गान्धी वाली कांग्रेस नहीं रही, जिस प्रकार हिमाचल वाली कांग्रेस राजा वीरभद्र वाली कांग्रेस नहीं रही।



# पाकिस्तान में गहराया खाद्य संकट, सूखे और तनाव से गेहूं उत्पादन पर मंडराया गंभीर संकट

पाकिस्तान में इस साल गेहूं को लेकर चिंता बढ़ती दिख रही है। मौजूद जानकारी के अनुसार देश को संभावित उत्पादन गिरावट का सामना करना पड़ सकता है, जिससे खाद्य सुरक्षा पर गंभीर असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है।

अमेरिकी कृषि विभाग की हालिया रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान का गेहूं उत्पादन पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 20 से 22 लाख टन तक कम हो सकता है। यह अनुमान नीति–निर्माताओं के लिए चिंताजनक माना जा रहा है, क्योंकि गेहूं और उससे बने उत्पाद जैसे रोटी, नान और ब्रेड देश की बड़ी आबादी के दैनिक भोजन का आधार हैं।

गौरतलब है कि पाकिस्तान चावल और मक्का का बड़े पैमाने पर निर्यात करता है, लेकिन घरेलू उपभोग के लिए गेहूं पर अत्यधिक निर्भर है। ऐसे में उत्पादन में 20 लाख टन से अधिक की गिरावट खाद्य असुरक्षा को और बढ़ा सकती है।



स्थिति इसलिए भी संवेदनशील है क्योंकि देश इस समय अफगानिस्तान के साथ बढ़ते तनाव और सीमावर्ती अस्थिरता से भी जूझ रहा है। रिपोर्टों के अनुसार खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान जैसे इलाकों में सुरक्षा हालात का असर कृषि गतिविधियों पर पड़ा है। बता दें कि ये क्षेत्र गेहूं उत्पादन के लिहाज से महत्वपूर्ण माने जाते हैं।

उत्पादन में गिरावट के पीछे कई कारण बताए जा रहे हैं। सबसे बड़ा कारण लंबे समय तक चला सूखा और कम वर्षा है। पाकिस्तान मौसम विभाग के अनुसार 2025 की शुरुआत में वर्षा औसत से करीब 39 प्रतिशत कम रही। इसका असर खास तौर पर वर्षा–आधारित खेती वाले इलाकों में देखा गया। नतीजतन गेहूं की बुवाई का रकबा 10.37 मिलियन हेक्टेयर से घटकर करीब 9.1 मिलियन हेक्टेयर रह गया।

इसके अलावा सरकार द्वारा 2025द्26 सीजन के लिए समर्थन मूल्य की घोषणा में देरी ने भी किसानों को असमंजस में डाला। कई किसानों ने अनिश्चितता के कारण कम बुवाई की, जिससे कुल उत्पादन प्रभावित हुआ। बढ़ती लागत और सीमित सरकारी सहायता ने भी खेती को कम लाभकारी बना दिया।

पंजाब, जिसे पाकिस्तान का "गेहूं कटोरा" कहा जाता है, इस संकट के केंद्र में है। यहां सिंचाई व्यवस्था पर जल संकट का दबाव साफ नजर आ रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि सिंधु नदी तंत्र में जल प्रवाह में कमी और सीमित जल भंडारण क्षमता ने हालात और जटिल बना दिए हैं।

कुछ विश्लेषक 1960 के सिंधु जल संधि से जुड़े हालिया तनावों को भी अप्रत्यक्ष कारक मान रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक नदी जल डेटा साझा करने में बाधा और प्रवाह में लगभग 20 प्रतिशत कमी से जल प्रबंधन प्रभावित हुआ। इससे तरबेला और मंगला जैसे प्रमुख बांधों पर दबाव बढ़ा है।

इस बीच आटे की कीमतों में तेज बढ़ोतरी दर्ज की गई है। फरवरी 2026 के अंत तक 10 किलो आटे की कीमत कई शहरों में 890 से 1500 पाकिस्तानी रुपये के बीच रही, जबकि 20 किलो का बैग 1780 से 1810 रुपये तक बिक रहा है। प्रीमियम चक्की आटा 160 से 200 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गया है। इस बढ़ती महंगाई से आम उपभोक्ताओं की मुश्किलें बढ़ रही हैं।

आर्थिक विशेषज्ञों का कहना है कि अगर उत्पादन में अनुमानित गिरावट वास्तविकता में बदलती है तो सरकार को आयात पर निर्भर होना पड़ सकता है। हालांकि विदेशी मुद्रा भंडार और महंगाई की मौजूदा स्थिति को देखते हुए यह आसान विकल्प नहीं माना जा रहा है।

कुल मिलाकर सूखा, जल संकट, नीतिगत देरी और क्षेत्रीय अस्थिरता का संयुक्त असर पाकिस्तान के गेहूं उत्पादन पर पड़ रहा है। आने वाले महीनों में स्थिति किस दिशा में जाती है, यह बारिश, सरकारी हस्तक्षेप और क्षेत्रीय हालात पर निर्भर करेगा, लेकिन फिलहाल खाद्य सुरक्षा को लेकर चिंता गहरी होती दिख रही है।

# उत्तर प्रदेश बनेगा देश का अगला फ्रेंच फ्राई केंद्र, जलवायु परिवर्तन से आलू की गुणवत्ता में सुधार

उत्तर प्रदेश अपनी बदलती जलवायु और बढ़ते तापमान के कारण आगामी वर्षों में देश के प्रमुख फ्रेंच फ्राई प्रसंस्करण केंद्र के रूप में उभर सकता है। गुजरात स्थित कृषि कारोबार कंपनी हाइफार्म ने राज्य की कृषि क्षमता में आ रहे इस सकारात्मक बदलाव पर भरोसा जताया है। हाइफार्म के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सुंदरराजन एस ने पीटीआई– को दिए साक्षात्कार में कहा, "पिछले छह–सात साल में उत्तर प्रदेश के आलू में 'ठोस तत्व' की मात्रा बढ़ी है। इसका मुख्य कारण क्षेत्र के तापमान में क्रमिक वृद्धि है।"

उत्तर प्रदेश बनेगा देश का अगला फ्रेंच फ्राई केंद्रः उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आगामी तीन से पांच साल में उत्तर प्रदेश आलू प्रसंस्करण के क्षेत्र में एक नयी शक्ति बनकर उभरेगा। तकनीकी दृष्टि से, गुणवत्तापूर्ण फ्रेंच फ्राई के लिए आलू में शुष्क पदार्थ का अंश 20 से 24 प्रतिशत के बीच होना अनिवार्य है, जिससे वे कुरकुरे बने रहते हैं। उत्तर प्रदेश के आलू में यह स्तर पहले 17 प्रतिशत के आसपास था, जो अब बढ़कर 19–20 प्रतिशत तक पहुंच गया है। कंपनी की विस्तार योजनाओं पर चर्चा करते हुए सुंदरराजन ने कहा कि हाइफार्म का लक्ष्य वर्ष 2028 तक आलू की वार्षिक खरीद को चार लाख टन से बढ़ाकर 10 लाख टन करना है। इसके लिए कंपनी वर्ष 2028 में मध्य प्रदेश और 2030 में उत्तर प्रदेश के कृषि क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति दर्ज करेगी। 7,000 किसानों के साथ जुड़े हुए है



वर्तमान में यह कंपनी गुजरात के साबरकांठा और गांधीनगर में 7,000 किसानों के साथ संबद्ध है। कंपनी 'बीज से बाजार तक' मॉडल पर कार्य करती है और अपनी आवश्यकता का लगभग 90–95 प्रतिशत बीज स्वयं तैयार करती है। उन्होंने उद्योग की चुनौतियों का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्तमान में भारतीय फ्रेंच फ्राई उद्योग मुख्य रूप से 'संताना' किस्म पर निर्भर है। विकल्प के तौर पर अब केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान (सीपीआरआई) की नयी किस्में 'कुफरी फ्राईसोना' और 'कुफरी फ्राईओएम' को बढ़ावा दिया जा रहा है। सुंदरराजन ने इस क्षेत्र के संगठित विकास के लिए भारतीय आलू प्रसंस्करण संघ के गठन पर भी बल दिया। वर्ष 2025 में भारत से जमे हुए आलू का निर्यात 45 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 2.51 लाख टन के स्तर को पार कर गया है।

# इरान–यूएस टेंशन के बीच दुबई में फंसीं पीवी सिंधू , एयरपोर्ट पर धमाके से मची अफरातफरी

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु को ट्रेनिंग देने वाले इंडोनेशियाई कोच इरवांस्याह आदि प्रतामा उस समय बाल–बाल बच गए जब ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के लिए बर्मिंघम जाते हुए दुबई हवाई अड्डे पर उनके करीब धमाका हुआ। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के कारण उड़ाने रद्द होने के बाद सिंधु और इरवांस्याह दुबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर फंस गए हैं। टूर्नामेंट मंगलवार से शुरू होना है। ईरान के मिसाइल हमलों के बाद खाड़ी देशों के कुछ हिस्सों में धमाकों की खबरें आई हैं जिसमें संयुक्त अरब अमीरात की राजधानी अबु धाबी और दुबई भी शामिल हैं।

दुबई में उड़ानें रद्द हो रही हैं इसके बाद दुबई हवाई अड्डे पर सभी उड़ानों को निलंबित कर दिया गया है। इरवांस्याह ने पीटीआई को बताया, "इस समय दुबई में उड़ानें रद्द हो रही हैं। हवाई अड्डे पर धमाका हुआ है इसलिए हम इस समय यहीं फंसे हुए हैं।" उन्होंने कहा, "उन्होंने हमें होटल में रखा है। हम ठीक हैं लेकिन फिर भी थोड़ी चिंता है। हम ऑल इंग्लैंड के लिए जाना चाहते हैं। मुझे उम्मीद है कि हम आज उड़ान ले पाएंगे क्योंकि सिंधु का मैच बुधवार को है।" सिंधु ने शनिवार रात सोशल मीडिया पर तनावपूर्ण पलों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा, "सिंधु ने 'एक्स' पर लिखा, "मुश्किल बढ़ती जा रही है और हालात हर घंटे डरावने होते जा रहे हैं। कुछ घंटे पहले हवाई अड्डे पर जहां हम रुके हुए थे उसके पास एक धमाका हुआ।"



क्या बोली सिंधु?

सिंधु ने लिखा, "मेरे कोच को जल्दी से उस जगह से भागना पड़ा क्योंकि वह धुएं और मलबे के सबसे करीब थे। यह हम सभी के लिए बहुत तनावपूर्ण और डरावना पल था।" भारत के अधिकतर खिलाड़ी पहले ही बर्मिंघम पहुंच चुके हैं। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी, पुरुष एकल खिलाड़ी लक्ष्य सेन, युवा आयुष शेट्टी, गायत्री गोपीचंद और त्रीसा जॉली की महिला युगल जोड़ी बर्मिंघम पहुंच चुके हैं। मालविका बंसोड़ भी पहुंच गई हैं लेकिन उन्नति हुड्डा अब भी भारत में हैं क्योंकि नयी दिल्ली से बर्मिंघम के लिए उनकी सीधी उड़ान आखिरी समय में रद्द हो गई थी। उन्नति ने कहा, "मुझे आज करीब 11 बजे यात्रा करनी थी लेकिन सुबह–सुबह पता चला कि उड़ान रद्द हो गई है। अन्य उड़ानों में सीटें खाली नहीं हैं। मैं बीएआई के संपर्क में हूं और वे बीडब्ल्यूएफ से बात कर रहे हैं कि शायद मेरे मैच देर से कराए जाएं।" भारत के पूर्व कोच विमल कुमार को भी शनिवार को निकलना था लेकिन बेंगलुरु में विमान में सवार होने से कुछ देर पहले उन्हें उड़ान के रद्द होने के बारे में पता चला। युगल कोच बी सुमीत रेड्डी के साथ रोहन कपूर और रुतविका शिवानी की मिश्रित युगल जोड़ी सिंगापुर के रास्ते यात्रा करेगी। भारतीय बैडमिंटन संघ के सचिव संजय मिश्रा ने कहा, "कुछ खिलाड़ी हैं जिन्हें हम सिंगापुर के रास्ते भेजने की कोशिश कर रहे हैं, कुछ पहुंच गए हैं। सात्विक और चिराग पहुंच गए हैं।" अमेरिका और इजराइल ने शनिवार को ईरान पर बड़ा हमला किया जिसमें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरानी जनता से इस्लामिक नेतृत्व को उखाड़ फेंकने की अपील की। सैन्य हमलों की वजह से खाड़ी क्षेत्र में वायु क्षेत्र बंद हो गया है और एमिरेट्स तथा एयर इंडिया सहित कई उड़ानों में रुकावट आई है। एयर इंडिया ने खाड़ी क्षेत्र से आने–जाने वाली अपनी सभी उड़ाने रद्द कर दी हैं विशेषकर अबु धाबी, दम्मम, दोहा, दुबई, जेद्दा, मस्कट, रियाद और तेल अवीव से जुड़ी। अमेरिका, इजराइल और ईरान पर मिसाइल हमलों के बाद वायु क्षेत्र बंद होने की वजह से दुबई हवाई अड्डे ने सभी तरह का संचालन अनिश्चित काल के लिए रोक दिया है।

## एनएसएस शिविर में हरित होली संग पर्यावरण संरक्षण संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। राजकली रमाशंकर शुक्ल स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कृष्णा नगर मोहनगंज जलेसरगंज में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) विशेष शिविर के चौथे दिन पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अजय क्रांतिकारी एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सर्वेश कुमार त्रिपाठी ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया। मुख्य अतिथि अजय क्रांतिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि प्रकृति संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। यदि हम जल, वृक्ष और पर्यावरण को सुरक्षित नहीं रखेंगे तो आने वाली पीढ़ियों का भविष्य संकट में पड़ जाएगा। उन्होंने युवाओं से अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने, जल संरक्षण अपनाने तथा रासायनिक रंगों के स्थान पर प्राकृतिक रंगों से हरित होली मनाने की अपील की। स्वयंसेवकों ने वृक्षारोपण कर फूलों के साथ हरित होली खेलते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। छात्र–छात्राओं अंजलि, काजल द्विवेदी, कोमल, सुनीता, क्रांति, अतिमा एवं शिवम गुप्ता ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत एवं स्वच्छता गीत की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रमाधिकारी प्रमोद कुमार, संतोष मिश्र, पंकज मिश्र, रवि प्रकाश यादव, सुरेश चंद्र त्रिपाठी, धीरेंद्र एवं सोनम आदि मौजूद रहे।

## मोहम्मद अफजाल बने संघर्ष, हिम्मत और खुद्दारी की मिसाल

बाराबंकी। नगर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत पीरबटावन मोहल्ले के रहने वाले मोहम्मद अफजाल की जिंदगी आज संघर्ष और खुद्दारी की मिसाल बन चुकी है। बीते करीब 15 सालों से वह फाइलेरिया (हाथीपांव) जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं, लेकिन हालात के आगे झुकना उन्होंने कभी नहीं सीखा। उनकी कहानी सिर्फ बीमारी की नहीं, बल्कि आत्मसम्मान और हौसले की भी कहानी है। मोहम्मद अफजाल के पैर में अत्यधिक सूजन है। कई बार चलना भी उनके लिए चुनौती बन जाता है। इसके बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी। वह अपने घर के पास ही एक छोटी सी किराने की दुकान चलाते हैं। उसी दुकान से अपने परिवार का भरण–पोषण करते हैं। उनके परिवार में पत्नी, एक बेटा और एक बेटी है। अफजाल रोजाना दर्द सहते हुए अपनी मोपेड से दुकान तक पहुंचते हैं और दिनभर बैठकर ग्राहकों को सामान देते हैं। यही उनकी आजीविका का एकमात्र साधन है। अफजाल बताते हैं कि उन्होंने सरकारी अस्पतालों में इलाज करवाया, लेकिन उन्हें कोई विशेष लाभ नहीं मिला। बड़े अस्पतालों में इलाज कराने के लिए उनके पास पर्याप्त धन नहीं है। उनका कहना है "मेरे पास इतना पैसा नहीं है कि बड़े अस्पताल में इलाज करा सकूं, लेकिन मैं किसी के सामने हाथ भी नहीं फैला सकता।" बीमारी और आर्थिक तंगी के बावजूद उन्होंने कभी अपने आत्मसम्मान से समझौता नहीं किया। यही खुद्दारी उनकी सबसे बड़ी ताकत है। अफजाल की हालत देखकर स्थानीय लोग और समाजसेवी भी भावुक हो जाते हैं। यह एक ऐसी हकीकत है जो समाज और जनप्रतिनिधियों से संवेदनशीलता की मांग करती है। जरूरत है कि प्रशासन और संबंधित विभाग आगे आकर उनके बेहतर इलाज और आर्थिक सहायता की व्यवस्था करें, ताकि उन्हें इस असहनीय दर्द से राहत मिल सके। मोहम्मद अफजाल की कहानी हमें यह सिखाती है कि इंसान हालात से नहीं, अपने हौसलों से बड़ा होता है। 15 साल से बीमारी की मार झेलते हुए भी उन्होंने मेहनत और आत्मसम्मान का दामन नहीं छोड़ा। यह मार्मिक कहानी समाज के सामने एक बड़ा सवाल भी खड़ा करती हैक्या हम ऐसे संघर्षरत लोगों के साथ खड़े होने को तैयार हैं?

## प्रेम और सौहार्द का प्रतीक है होली का पर्वः डॉ0 विकास यादव

बाराबंकी। स्थानीय राम सेवक यादव स्मारक इण्टर कालेज लखपेड़ाबाग के प्रांगण में प्राइमरी विंग द्वारा रंगो के पर्व होली का आयोजन धूम–धाम से किया गया। सुन्दर सुसज्जित वेश–भूषा में नन्हें मुन्ने बच्चों ने उल्लास और आनन्द के साथ होली का भरपूर आनन्द लिया। उन्होने होली को प्राकृतिक रंगों, फूलों, अबीर गुलाल के साथ मनाकर रासायनिक रंगों से मुक्त होली मनाने का संकल्प लिया और अप्राकृतिक रंग शरीर को नुकसान पहुँचाने वाले खतरनाक रंगों से होली न खेलने का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबन्धक डॉ0 विकास यादव ने होली की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह पर्व परस्पर प्रेम और सौहार्द का प्रतीक है। यह हमें अपने मन की कलुषता, वैमनस्यता, भेद–भाव जैसी दूषित भावनाओं को होलिका के साथ दहन करके सामाजिक समरसता, एवं भाईचारे का संदेश देता है। होली के ये रंग निश्चित रूप से मन और माहौल में उल्लास भरते है। रंगो से ही जीवन में निखार आता है। ये रंग हमें खुशियों का संदेश देते है। हम कामना करते है कि हमारे इन नन्हे–मुन्ने छात्र–छात्राओं के जीवन में ये उल्लास और खुशियों के रंग सदैव बने रहें। यदि यह प्राकृतिक रंगों के साथ मनाया जाय तो इसका आनन्द व प्रभाव और अधिक बढ़ जाएगा। विद्यालय प्रधानाचार्य डा0 जगन्नाथ वर्मा ने होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमे रसायनिक रंगों से बचते हुए प्राकृतिक रंगों से प्रेम के साथ मिलजुल कर होली मनाने का प्रयास करना चाहिए। इस अवसर पर के0बी0 सिंह, विनोद कुमार विश्वकर्मा, धर्मेन्द्र वर्मा, शोभित यादव, सविता गुप्ता, रितु शर्मा, कृष्णा मिश्रा, सपना श्रीवास्तव, अंजुला, शैल शर्मा, सपना यादव, मीनू शर्मा, सहित समस्त अध्यापक व अध्यापिकाएं उपस्थित थे।

## टी 20 वर्ड कप में दक्षिण अफ्रीका का विजय रथ जारी, जिम्बाब्वे को 5 विकेट से हराकर सुपर 8 में अजेय

रविवार को नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए सुपर एट के अपने आखिरी मैच में जिम्बाब्वे को पांच विकेट से हराकर दक्षिण अफ्रीका ने सुपर एट में अपनी अजेय बढ़त कायम की। 154 रनों के मामूली लक्ष्य का पीछा करते हुए, प्रोटियाज टीम को पावरप्ले के अंदर ही शुरुआती तीन विकेट गंवाने के बाद मुश्किलों का सामना करना पड़ा। क्विंटन डी कॉक पहले ही ओवर में सिकंदर रजा के हाथों आउट हो गए। जिम्बाब्वे के कप्तान ने अगले ही ओवर में एडन मार्करम को सिर्फ चार रन पर आउट करके फिर से झटका दिया। रायन रिकेल्टन ने कुछ बड़े शॉट खेले लेकिन छठे ओवर में आउट हो गए। उन्होंने 22 गेंदों में 31 रन बनाए। डेविड मिलर क्रीज पर देवाल्ड ब्रेविस के साथ शामिल हुए और दोनों ने चौथे विकेट के लिए 50 रन जोड़े,



लेकिन ब्लेसिंग मुजरबानी ने 10वें ओवर में उनकी साझेदारी तोड़ दी। मिलर ने 16 गेंदों में दो छक्के और दो चौकों की मदद से 22 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। ब्रेविस ने चार छक्के और दो चौके लगाकर मात्र 18 गेंदों में 42 रन बनाए, लेकिन रजा के हाथों आउट हो गए। ट्रिस्टन स्टब्स (24 गेंदों में 21 रन नाबाद) और जॉर्ज लिंडे (21 गेंदों में 30 रन नाबाद) ने दक्षिण अफ्रीका को 13 गेंद शेष रहते हुए आसानी से जीत दिला दी।

जिम्बाब्वे लीग चरण में अपराजित रही, लेकिन सुपर एट में लगातार तीन हार के साथ उसका अभियान समाप्त हो गया। इससे पहले, जिम्बाब्वे ने पहले बल्लेबाजी करने का विकल्प चुना और प्रतिस्पर्धी स्कोर बनाने के लिए संघर्ष किया। दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाजों, जिनमें क्वेना माफाका और एनरिच नॉर्त्जे शामिल थे, द्वारा शुरुआती विकेट लेकर जिम्बाब्वे के बल्लेबाजों को बैकफुट पर धकेल दिया गया। कप्तान सिकंदर रजा ने 73 रनों की शानदार पारी खेलकर एकमात्र प्रतिरोध दिखाया।

जिम्बाब्वे ने पहली पारी के दूसरे ओवर में अपने सलामी बल्लेबाज तादिवानाशे मारुमानी का विकेट खो दिया। दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज क्वेना माफाका ने जिम्बाब्वे के सलामी बल्लेबाज को मात्र सात रन पर क्लीन बोल्ड कर दिया। पांचवें ओवर की तीसरी गेंद पर, दाएं हाथ के तेज गेंदबाज एनरिच नॉर्त्जे ने ब्रायन बेनेट को 13 गेंदों में 15 रन पर आउट कर दिया, जिसमें दो चौके शामिल थे। पावर प्ले समाप्त होने के बाद, जिम्बाब्वे का स्कोर 45ध्2 था। नौवें ओवर में, जॉर्ज लिंडे ने डियोन मायर्स को 16 गेंदों में 11 रन पर आउट कर दिया, जिसमें एक चौका शामिल था। 10वें ओवर की समाप्ति के बाद जिम्बाब्वे ने 80ध्3 का स्कोर बनाकर अच्छी स्थिति हासिल कर ली।

# हिन्द मेडिकल कॉलेज प्रबंधन पर अवैध कब्जे और तख्तापलट का आरोप

## हिन्द मेडिकल कॉलेज में विवाद, पूर्व अध्यक्ष व चेयरपर्सन को गेट पर रोका

बाराबंकी। सफेदाबाद स्थित हिन्द इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस में ..................... दोपहर 'गृह युद्ध' जैसी स्थिति बन गई। कॉलेज की चेयरपर्सन डॉ. ऋचा मिश्रा और पूर्व अध्यक्ष डॉ. अमोद कुमार सचान को मुख्य गेट पर रोक दिया गया। नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ. बृज किशोर सिंह के बाउंसरों और सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें रोका, जिससे काफी देर तक हंगामा और तीखी नोकझोंक हुई। हालांकि, भारी गहमागहमी के बाद डॉ. सचान और उनकी पत्नी परिसर में प्रवेश करने में सफल रहे, जहां उन्होंने कॉलेज प्रबंधन पर अवैध कब्जे और धोखाधड़ी के गंभीर आरोप लगाए। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान डॉ. ऋचा मिश्रा ने बताया कि हिन्द मेडिकल कॉलेज एक ट्रस्ट के अधीन है, जिसमें मूल रूप से सात सदस्य थे। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोगों ने साजिश रचकर पुरानी कमेटी को अनधिकृत तरीके से भंग कर दिया और खुद को अध्यक्ष व अन्य पदों पर घोषित कर लिया। डॉ. ऋचा के अनुसार, वर्तमान में वह, उनके पति डॉ. सचान और बहराइच के डॉ. बीके सिंह ही वैध ट्रस्टी हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पूर्व में नियुक्त एक अधिकारी ने दस्तावेजों पर कब्जा कर लिया और डॉ. बीके सिंह के परिवार को गुमराह कर श्तख्तापलटश् की साजिश रची। कॉलेज परिसर में उपजे इस तनावपूर्ण माहौल से छात्रों और मरीजों के बीच भी चर्चाएं तेज हो गई हैं। डॉ. सचान ने मीडिया से कहा कि जो लोग आज खुद को सर्वेसर्वा बता रहे हैं, वे अनधिकृत रूप से कॉलेज पर काबिज होना चाहते हैं और इसी वजह से उन्हें अपने ही संस्थान में प्रवेश करने से रोका गया। फिलहाल यह पूरा मामला एक पक्षीय आरोपों पर आधारित है, क्योंकि वर्तमान में घोषित नई कमेटी या डॉ. बृज किशोर सिंह की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। डॉ. बृज किशोर सिंह से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनके बाहर होने के कारण उनका बयान नहीं मिल सका।

# आदिवासी परंपरा के अनुसार 5 दिन पूर्व मनाया गया होली

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र।भारत ही एक देश है जहां अनेक सभ्यता एवं संस्ृति के लोग रहते हैं। इसमें विविधताओं के असंख्य स्वरूप हैं। उसके अपने मायने हैं। अपनी विशेषता है और खूबसूरती है। इसीलिए तो जनपद के आदिवासी बाहुल्य विंढमगंज थाना क्षेत्र के झारखंड व छत्तीसगढ़ के बॉर्डर पर स्थित बैरखड़ गांव है जहां पर होली मनाने की अलग और अति प्राचीन परंपरा है। इसके वर्तमान स्वरूप में अत्यंत प्राचीन काल की संस्ृति की झलक दिखाई पड़ती है।प्रायः ऐसी मान्यता है कि बैरखड़ गांव के आदिवासी 5 दिन पहले यानी बीती शनिवार की रात्रि को होलिका दहन



तथा आज रविवार को होली का त्योहार आदिवासी परम्परा के अनुसार मना रहे हैं। होली मनाने की परम्परा को लेकर निर्वतमान ग्राम प्रधान उदय पाल कहते हैं कि गांव में और जगह की अपेक्षा 5 दिन पूर्व ही होली मनाने की परम्परा काफी पुरानी है ।गांव के बुजुर्ग बताते हैं कि बहुत पहले दादा, परदादा के जमाने में गांव में होली पर्व के दौरान ही भारी धन जन की क्षति हुई थी और गांव में महामारी जैसी स्थिति हो गई थी।गांव के लोग काफी परेशान थे तब उसका निदान ढूंढने के लिए आदिवासी समुदाय के बुजुर्ग लोगो एवं बैगा ने चार – पांच दिन पहले होली मनाने का सुझाव दिया था तभी से बैरखड़ गांव में 5 दिन पूर्व होली मनाने की परंपरा चल पड़ी जिसे आदिवासी समाज आज भी संजोए हुए हैं।गांव के लोग बताते हैं कि अब गांव में सुख समृद्धि बनी रहती हैं।

## नियत तिथि पर नहीं मनाते होली

बैरखड़ के निवर्तमान ग्राम प्रधान उदय पाल , पूर्व प्रधान अमर सिंह गौड़, मनरूप गहंवां,छोटेलाल सिंह ,रामकिशुन सिंह,लाल मोहन गोंड कहते है कि हमारे पूर्वज ने हमें बताया है कि किसी समय होली के दिन सभी आदिवासी लोग नशे में आनंदित थे। सभी लोग नाच–गा रहे थे, तभी किसी अनहोनी घटना में कई लोग एक साथ मर गए थे तब आदिवासी बैगा ने होली मनाने की परंपरा नियत तिथि से पूर्व मनाने की सलाह दी।उसके बाद से गांव में 5 दिन पहले होली मनाई जाने लगी और गांव सुख शांति और अमन चौन कायम हो गई तब से ही गांव में होली मनाने की परंपरा हो चली जो अब तक जारी है।उन्होंने बताया कि होलिका दहन बैगा या अपनी ही बिरादरी के मनोनीत बैगा लोगों से कराने की प्रथा है। इस स्थल को संवत डाड़ कहा जाता है।जहां होलिका दहन के अगले दिन यानि आज रविवार को होलिका दहन के अवशेष को उड़ाते हुए दिनभर होली खेलते हुए अपने ईष्ट देव की आराधना एवं पूजा पाठ किया जाता है

# वधायक डॉ. अनिल कुमार मौर्य ने संपर्क मार्ग का किया शिलान्यास

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। क्षेत्रीय विकास को गति देते हुए घोरावल विधायक डॉ. अनिल कुमार मौर्य ने विधान मंडल क्षेत्र विकास निधि योजना



वर्ष 2025–26 के अंतर्गत नगर पालिका रॉबर्ट्सगंज के वार्ड–12 उरमौरा में संपर्क मार्ग निर्माण कार्य का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भूमि पूजन कर शिलान्यास किया। नि0र्मित होने वाला यह मार्ग शिवप्रकाश मास्टर के घर से राधेश्याम मौर्य के घर होते हुए इमरती बाई के घर तक जाएगा। मार्ग निर्माण से स्थानीय नागरिकों को आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी तथा बरसात के दिनों में कीचड़ और जलभराव की समस्या से राहत मिलेगी।शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान विधायक डॉ. अनिल मौर्य ने कहा कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता के आधार पर विकसित किया जा रहा है। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से पूर्ण कराया जाए, ताकि जनता को शीघ्र लाभ मिल सके। विशिष्ट अतिथि सदर ब्लॉक प्रमुख अजीत रावत ने कहा कि क्षेत्र में लगातार विकास कार्य कराए जा रहे हैं और जनहित की योजनाओं को धरातल पर उतारना प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि यह संपर्क मार्ग स्थानीय लोगों की वर्षों पुरानी मांग थी, जो अब पूरी हो रही है। इस अवसर पर सुरेंद्र मौर्या, अनवर अली, छोटू पटेल, आनंद कुमार त्रिपाठी, रविशंकर, चंद्रभूषण, धर्मेंद्र, शिवकुमार, राजकुमार, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

# परीक्षित उद्धार व सुदामा चरित्र के साथ सात दिवसीय कथा का विधिवत समापन

## आचार्य डॉ. महेश दास ने श्रद्धालुओं को दिया विशेष संदेश, ग्रामीणों ने लिया कथा का रसपान

दैनिक बुद्ध का संदेश

बस्ती।स्थानीय क्षेत्र में




आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का समापन परीक्षित उद्धार एवं सुदामा चरित्र के भावपूर्ण वर्णन के साथ विधिवत यज्ञ–हवन और पूर्णाहुति के साथ संपन्न हुआ। कथा के अंतिम दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरा पांडाल भक्तिमय वातावरण से गुंजायमान रहा।कथावाचक आचार्य डॉ. महेश दास ने अंतिम दिवस पर राजा परीक्षित के उद्धार प्रसंग का मार्मिक वर्णन करते हुए बताया कि श्रीमद्भागवत कथा श्रवण मात्र से मनुष्य के जीवन के समस्त कष्ट दूर हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि भक्ति, सत्संग और सत्कर्म ही मानव जीवन को सार्थक बनाते हैं।इसके पश्चात सुदामा चरित्र का भावपूर्ण चित्रण करते हुए उन्होंने सच्ची मित्रता, समर्पण और भगवान के प्रति निष्कपट प्रेम का संदेश दिया। कथा के दौरान कई श्रद्धालु भावविभोर हो उठे।मुख्य यजमान के रूप में हनुमान दुबे एवं सुमित्रा देवी ने विधि–विधान से यज्ञ–हवन में आहुति दी। पूर्णाहुति के साथ सात दिवसीय आयोजन का विधिवत समापन हुआ। कार्यक्रम के उपरांत भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने प्रसाद ग्रहण किया।सात दिनों तक चले इस आध्यात्मिक आयोजन में आसपास के गांवों से भी श्रद्धालुओं ने पहुंचकर कथा का रसपान किया। आयोजन समिति के सदस्यों ने सभी श्रद्धालुओं और सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।समापन अवसर पर आचार्य डॉ. महेश दास ने अपने विशेष संदेश में कहा कि "जीवन में सदैव धर्म, सत्य और सेवा का मार्ग अपनाएं, यही सच्ची श्रद्धा है।" पूरे क्षेत्र में इस धार्मिक आयोजन की सराहना की जा रही है।

# घोरावल विधायक ने किया ब्लड बैंक का उद्घाटन, अब मरीजों को नहीं भटकना पड़ेगा

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। जिले के पंचशील



मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल परिसर में रविवार को घोरावल विधायक डा. अनिल कुमार मौर्य ने ब्लड बैंक का उद्घाटन किया। उद्घाटन के दौरान विधायक समेत कई गणमान्य लोगों ने रक्तदान कर मानवता का संदेश दिया। विधायक डॉ. अनिल कुमार मौर्य ने कहा कि ब्लड बैंक के शुरू होने से अब क्षेत्र के मरीजों को खून के लिए इधर–उधर भटकना नहीं पड़ेगा। अस्पताल परिसर में ही आसानी से रक्त उपलब्ध हो सकेगा, जिससे गंभीर मरीजों और दुर्घटना में घायल लोगों को समय पर उपचार मिल पाएगा। उन्होंने बताया कि जिले से होकर नेशनल हाईवे गुजरता है, जहां आए दिन सड़क दुर्घटनाएं होती रहती हैं। ऐसे में कई बार घायल मरीजों को तत्काल खून की जरूरत पड़ती है। इन परिस्थितियों को देखते हुए पंचशील अस्पताल परिसर में ब्लड बैंक की स्थापना की गई है, जिससे सोनभद्र समेत आसपास के जिलों और पड़ोसी राज्यों के लोगों को भी लाभ मिलेगा। इस अवसर पर संस्था प्रमुख डॉ. अंजनी कुमार सिंह, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. अनुपमा मौर्य, अस्पताल अधीक्षक डॉ. सतीश कुमार सिंह, डॉ. दीप नारायण, डॉ. शुभम सिंह, डायरेक्टर पवित मौर्य सहित कई लोगों ने रक्तदान किया। अस्पताल प्रबंधन ने विधायक का आभार जताते हुए कहा कि उनके प्रयासों से अस्पताल में ब्लड बैंक की स्थापना संभव हो सकी है, जिससे क्षेत्र के मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी। इस दौरान हनीफ, विनोद दुबे, मोहन कुशवाहा, शक्ति पाल, राहुल विश्वकर्मा, कमलेश कुमार यादव, अखिलेश सिंह, संदीप चौबे, शशि कुमार यादव, विनोद सिंह कुशवाहा, प्रेम प्रकाश गुप्ता, डॉ. सुनील सिंह, डॉ. उमाकांत मौर्य, विवेक सिंह, राजू यादव समेत कई लोग मौजूद रहे।

# ट्रक के चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। डीसीएम ट्रक की चपेट मे आने से वाईक पर सवार महिला की कुचल कर हुई मौत हाथीनाला पुलिस शव को कब्जे मे लेकर अग्रीम कार्यवाही में जुट गई। जानकारी के अनुसार रविवार की दोपहर बारह बजे आशुतोष त्रिपाठी पुत्र राजीव नयन त्रिपाठी निवासी मिटीहिनिया थाना कोन सोनभद्र उम्र 46 वर्ष अपनी पत्नी खुशबू त्रिपाठी उम्र 33 वर्ष के साथ मोटरसाइकिल से रेणुकूट की तरफ से अपने घर जा रहे थे, हाथीनाला तिराहे से दो किमी पहले वाराणसी शक्ति नगर मुख्य मार्ग पर एक डीसीएम ट्रक ने मोटरसाइकिल की डिक्की में टक्कर मार दिया,टक्कर लगने की वजह से मोटरसाइकिल पर सवार महिला खुशबू त्रिपाठी रोड पर गिर गई और मोटरसाइकिल चला रहे आशुतोष त्रिपाठी रोड की बाईं तरफ कच्ची रास्ते में चले गए जिससे वह बाल बाल बच गए और उनकी पत्नी खुशबू त्रिपाठी की कुचल कर मौके पर ही मौत हो गई है। इस सन्दर्भ में हाथीनाला थाना प्रभारी नागेश सिंह ने बताया कि मृतका खुशबू का शव पोस्टमार्टम हेतु दूधी मोर्चरी भेज दिया गया है और दुर्घटना को कारित करने वाले वाहन डीसीएम ट्रक को पकड़ विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# होली पर्व पर उज्ज्वला योजना लाभार्थियों को निःशुल्क गैस सिलेण्डर हुआ वितरण

## चार सौ लाभर्थियों को सब्सिडी के प्रतिकात्मक हुआ चेक वितरित, कुशीनगर में 3,13,567 लाभार्थी है, आच्छादित

कुशीनगर। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को होली पर्व के अवसर पर निःशुल्क गैस सिलेण्डर रिफिल सब्सिडी वितरण कार्यक्रम का आयोजन लोकभवन, लखनऊ में मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम का भव्य एवं सजीव प्रसारण जनपद कुशीनगर के प्राथमिक विद्यालय (इंग्लिश मीडियम) सोहरौना में जनपद के उज्ज्वला




योजना लाभार्थियों की उपस्थिति में कराया गया, जिसमें लाभार्थियों को योजना के लाभों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में जनपद के दूर–दराज क्षेत्रों से सभी वर्ग एवं समुदाय के उज्ज्वला योजना लाभार्थियों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की। इस अवसर पर उज्ज्वला योजना के 400 लाभार्थियों को सब्सिडी के प्रतीकात्मक चेक वितरित किए गए। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सांसद कुशीनगर विजय कुमार दूबे ने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री जी द्वारा गरीब परिवारों को होली पर्व पर निःशुल्क रसोई गैस रिफिल सिलेण्डर उपलब्ध कराए जाने के निर्णय को सराहनीय बताया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को मिट्टी के चूल्हे से निकलने वाले धुएँ से होने वाली स्वास्थ्य संबंध ी समस्याओं से मुक्ति दिलाने हेतु सब्सिडी पर अतिरिक्त रसोई गैस सिलेण्डर भराने की सुविध ा प्रदान की गई है, जो महिलाओं के स्वास्थ्य एवं जीवन स्तर सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने बताया कि सरकार गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को स्वच्छ ईंधन उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है, जिससे उनके स्वास्थ्य की रक्षा हो तथा घरेलू बजट पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ भी कम हो सके। जनपद कुशीनगर में कुल 3,13,567 लाभार्थी इस योजना से आच्छादित हैं, जो विभिन्न तेल कंपनियों के माध्यम से योजना का लाभ प्राप्त करेंगे। इस अवसर पर विध ायक रामकोला विनय प्रकाश गोड, विधायक हाटा मोहन वर्मा, विधायक खड्डा विवेकानन्द पाण्डेय, पूर्व जिलाध्यक्ष नन्दकिशोर मिश्रा तथा जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर द्वारा भी जनपदवासियों को योजना की जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में बी०पी०सी०एल० कंपनी के जिला समन्वयकधविक्रय अधिकारी श्याम स्वरूप ने लाभार्थियों को योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि जिन उज्ज्वला लाभार्थियों द्वारा एक वर्ष के भीतर 07 गैस सिलेण्डर रिफिल प्राप्त कर लिया गया है, वे ई–केवाईसी कराकर अगले सिलेण्डर की सब्सिडी का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने योजना की जानकारी प्राप्त कर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री जी के प्रति आभार प्रकट किया तथा विभिन्न गैस एजेंसियों से अतिरिक्त रिफिल संबंधी जानकारी भी प्राप्त की। कार्यक्रम के दौरान लाभार्थियों हेतु चाय एवं नाश्ते की व्यवस्था तेल कंपनियों द्वारा कराई गई।

कार्यक्रम का आयोजन जिला पूर्ति अधिकारी कृष्ण गोपाल पाण्डेय द्वारा किया गया। कार्यक्रम में तेल कंपनियों के प्रतिनिधि, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी राजीव कुमार, जनपद की विभिन्न गैस एजेंसियों के प्रोपराइटरधप्रबंध ाक, आपूर्ति विभाग के पूर्ति निरीक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। अंत में सांसद एवं उपस्थित विधायकगण द्वारा जनपदवासियों को होली पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं।

# बहुआर में अंबेडकर स्थल का सुन्दरीकरण चबूतरा व मंच निर्माण से बढ़ी गांव की शान

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र।रॉबर्ट्सगंज ब्लॉक के ग्राम पंचायत बहुआर में रविवार



दोपहर 12 बजे अंबेडकर स्थल के सुंदरीकरण कार्य का विधिवत लोकार्पण किया गया। इस दौरान अंबेडकर स्थल के पास चबूतरे एवं मंच का निर्माण भी कराया गया, जिससे स्मारक स्थल की सुंदरता में चार चांद लग गए हैं।इस सुंदरीकरण कार्य से जहां स्मारक स्थल की शोभा बढ़ी है, वहीं अब गांववासियों को सामाजिक, सांस्ृतिक व सार्वजनिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए बेहतर सुविधा भी उपलब्ध हो गई है।कार्यक्रम में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सर्वेश त्रिपाठी ने कहा कि ग्राम पंचायत के सर्वांगीण विकास के लिए वे सदैव प्रतिबद्ध हैं और आगे भी इसी तरह के विकास कार्य निरंतर कराए जाएंगे।इस अवसर पर सचिव पंकज मौर्या, ऋषि त्रिपाठी, विशेश्वर गौड़, नंदलाल भारती, सोना भारती, सप्तमी सिंह गौड़, चंदू कोल, त्रिलोकी नाथ मिश्रा, जितेंद्र भारती, सुरेंद्र साहू, भुवनेश्वर कोल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# दो दिवसीय महोत्सव रूपी कार्यक्रम का विनय श्रीवास्तव,डॉ अमरनाथ, डॉ ज्योत्सना,विमल पांडेय का हुआ सम्मान

महाराजगंज। जवाहरलाल नेहरू पीजी कॉलेज में चल रहे दो दिवसीय महोत्सव रूपी विभिन्न कार्यक्रमों के अंतर्गत राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर आयोजित विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता के समापन सत्र में महाविद्यालय परिवार की ओर से घोषित किए गए सम्मान के क्रम में केएमसी मेडिकल कॉलेज के निदेशक विनय श्रीवास्तव को प्रोफेसर शिब्बन लाल सक्सेना समाज सेवा सम्मान के क्रम में प्रतीक चिन्ह महात्मा बुद्ध की प्रतिमा अंग वस्त्र और ध11000 नगद प्रदान कर सम्मानित किया गया । साहित्यकार और लेखक कलकत्ता विश्वविद्यालय के सेवानिवृत आचार्य डॉ अमरनाथ को पंडित हरिद्वार भट्ट साहित्य सेवा सम्मान प्रतीक चिन्ह, अंग वस्त्र, अभिनंदन पत्र और 5100 नगद पुरस्कार से सम्मानित किया गया । महाविद्यालय परिवार की ओर से घोषित किए गए दूसरे सम्मान में चिकित्सा और सामाजिक गतिविधियों में बेहतरीन कार्य के लिए जिला चिकित्सालय में नियुक्त सिटी सेंटर हॉस्पिटल महाराजगंज के मेडिकल सुपरीटेंडेंट सामाजिक गतिविधियों में बढ़–चढ़कर हिस्सा लेने वाली डॉक्टर ज्योत्सना मिश्रा को सोनपति देवी नारी शक्ति सम्मान से सम्मानित किया गया डॉक्टर मिश्रा को प्रतीक चिन्ह वस्त्र अभिनंदन पत्र और 5100 नगद ध नराशि प्रदान की गई । सम्मान के ही क्रम में महाविद्यालय परिवार की ओर से डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलम विज्ञान पारितोषिक सम्मान के क्रम में विमल कुमार पांडेय को प्रतीक चिन्ह अभिनंदन पत्र अंग वस्त्र और 5100 नगद ध नराशि देकर सम्मानित किया गया स महाविद्यालय की शोध छात्र दिव्या शाही को हजारी प्रसाद द्विवेदी शोध सम्मान से सम्मानित किया गया । महाविद्यालय परिवार की ओर से दिए जाने वाले सम्मान को वैज्ञानिक सलाहकार डॉ म नौटियाल सदर विधायक जय मंगल कनौजिया प्रबंधक डॉक्टर बलराम भट्ट प्राचार्य डॉक्टर अजय कुमार मिश्रा ने प्रदान किया स क्रमशः दो बार आयोजित इस सम्मान समारोह के प्रथम चरण का संचालन डॉक्टर शांति शरण मिश्र ने जबकि द्वितीय चरण का संचालन राजीव द्विवेदी ने किया।

# सोनभद्र बार एसोसिएशन का 7 मार्च को होगा शपथग्रहण समारोहरू अशोक प्रसाद श्रीवास्तव

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। सोनभद्र बार एसोसिएशन का 7 मार्च 2026 को होने वाले शपथ ग्रहण समारोह के लिए मुख्य अतिथि बनाने के लिए प्रयागराज जाकर न्यायमूर्ति जय प्रकाश तिवारी उच्च न्यायालय इलाहाबाद से एवं विशिष्ट अतिथि हेतु श्रीनाथ त्रिपाठी एड.(सदस्य बार कौंसिल ऑफ़ इंडिया) एवं बिनोद कुमार पाण्डेय एड.(सदस्य बार कौंसिल ऑफ़ यू.पी.) से वाराणसी में मुलाकात की और आमंत्रण पत्र दिया, जिसे सभी अतिथियों ने स्वीकार कर लिया। प्रतिनिधि मंडल में सोनभद्र बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक प्रसाद श्रीवास्तव एड.,पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र कुमार पाठक एड, पूर्व अध्यक्ष चंद्र प्रकाश द्विवेदी एड.निवर्तमान महामंत्री अखिलेश पाण्डेय एड. व कोषाध्यक्ष वंशीधर पांडेय एड शामिल रहे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक:- श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स, ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट-हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद-सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं मकान नं. 203 निकट बी.एस.एन.एल. टावर खलवा मोहल्ला, नगर पालिका परिषद बलरामपुर, जनपद- बलरामपुर, उ0प्र0-271201 से प्रकाशित । आर.एन.आई. नं0- UPHIN/2021/86502 । सम्पादक- राजेश कुमार शर्मा

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद-सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

# विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना की बहुप्रतीक्षित एक्शन-ड्रामा फिल्म राणाबली की पहली झलक जारी



मेकर्स ने  वीडी14 की एक रोमांचक झलक दिखाई है, जिसमें विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना लीड रोल में हैं और इसे राहुल सांकृत्यान डायरेक्ट कर रहे हैं, जो प्रतिष्ठित बैनर मैत्री मूवी मेकर्स के तहत बन रही है। मेकर्स ने फिल्म के टाइटल के साथ–साथ रिलीज डेट की भी घोषणा की। रणबाली 11 सितंबर, 2026 को दुनिया भर में रिलीज हो रही है। कर्स्ड लैंड और उसके लेजेंडरी हीरो को पेश करने से पहले, मेकर्स ने जबरदस्त विजुअल्स और एक पावरफुल कहानी के जरिए भारत पर ब्रिटिश शासन को दिखाया है। राहुल सांकृत्यायन की नरेशन ब्रिटिश लोगों द्वारा किए गए अत्याचारों पर रोशनी डालती है, खासकर उन इलाकों में जिन्हें सर रिचर्ड टेम्पल जैसे अधिकारियों के तहत जानबूझकर सूखे वाले इलाके में बदल दिया गया था।

यह झलक हिटलर के होलोकॉस्ट से भी बड़े नरसंहार और भारत के बड़े पैमाने पर आर्थिक शोषण के बारे में बात करती है, ये खुलासे दर्शकों के दिलों को छूने वाले हैं। विजय देवरकोंडा ने रनाबाली का किरदार निभाया है, एक नए लुक और शानदार ट्रांसफॉर्मेशन के साथ एक दमदार और प्रभावशाली मौजूदगी पेश की है। रश्मिका मंदाना ने जयम्मा का किरदार निभाया है। अर्नोल्ड वोस्लू, जो द ममी के लिए जाने जाते हैं, उन्होंने विलेन सर थियोडोर हेक्टर का किरदार निभाया है। एक खास पल जिसमें विजय एक ब्रिटिश अधिकारी को रेलवे ट्रैक पर घसीटते हुए घोड़े पर सवार दिख रहे हैं, उसने फिल्म की चर्चा को काफी बढ़ा दिया है।

राणाबली को नवीन यरनेनी और वाई. रवि शंकर बड़े पैमाने पर प्रोड्यूस कर रहे हैं, और टी–सीरीज फिल्म को पेश कर रही है। यह फिल्म ब्रिटिश–युग की पृष्ठभूमि पर आधारित है और इसे एक पीरियड एक्शन ड्रामा के तौर पर बनाया जाएगा। 19वीं सदी में सेट यह फिल्म 1854 और 1878 के बीच हुई असली ऐतिहासिक घटनाओं पर आध ाारित है, और इसे एक बड़े पैन–इंडिया प्रोजेक्ट के तौर पर बनाया जा रहा है।

रनाबाली 1850 के दशक की असली घटनाओं से प्रेरित है जिन्हें मुख्यधारा की इतिहास की किताबों में जगह नहीं मिली। 1850–1900 के समय की असली घटनाओं पर आधारित, ऐसी घटनाएँ जिन्हें ब्रिटिश लोगों ने इतिहास में जानबूझकर गलत तरीके से पेश किया और ऐसे किरदार जिन्हें उन्होंने जंगली और विद्रोही बताया। यह कोई बायोपिक नहीं है, और न ही किसी टेक्स्टबुक की कहानी है। राणाबली एक युग का सिनेमाई पुनर्निर्माण है जो कई असली कहानियों, मौखिक इतिहास और दबाए गए रिकॉर्ड से बनाया गया है।

डियर कॉमरेड और खुशी जैसी सफल फिल्मों के बाद, यह विजय देवरकोंडा और मैत्री मूवी मेकर्स के बीच तीसरा कोलैबोरेशन है। सुपर हिट टैक्सीवाला के बाद, विजय देवरकोंडा और राहुल सांकृत्यायन एक बार फिर इस फिल्म के लिए साथ आ रहे हैं। गीता गोविंदम और डियर कॉमरेड के बाद, राणाबली तीसरी फिल्म होगी जिसमें रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा एक साथ जोड़ी के रूप में नजर आएंगे।

## रोमांटिक फिल्म विद लव की स्ट्रीमिंग डेट आई सामने, नेटफ्लिक्स 6 मार्च से होगी स्ट्रीमिंग

डायरेक्टर माधन के निर्देशन में बनी फिल्म शविद लक्व अपनी डिजिटल रिलीज के साथ चर्चा में बनी हुई है. फिल्म में अबिशन जीविंथ लीड रोल में हैं और उनके साथ अनस्वरा राजन भी हैं. दोनों की केमिस्ट्री और फिल्म की रोमांटिक कहानी दर्शकों को बहुत पसंद आई है.




थिएटर में ठीक–ठाक प्रदर्शन के बाद अब ये जल्द ही ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होने वाली हैं. पहले ही बताया गया था कि नेटफ्लिक्स ने पोस्ट–थिएटरल स्ट्रीमिंग राइट्स खरीदे हैं, लेकिन अभी तक फिल्म की डिजिटल रिलीज डेट का आधिकारिक ऐलान नहीं हुआ है. रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह फिल्म 6 मार्च, 2026 से स्ट्रीमिंग पर आ सकती है और ये तमिल, तेलुगु, हिंदी, मलयालम और कन्नड़ भाषा में देखने को मिलेगी.

फिल्म शविद लक्व एक तमिल रोमांटिक कॉमेडी है, जो सत्या (अबिशन जीविंथ) और मोनिशा (अनस्वरा राजन) की कहानी पर आधारित है. कहानी शुरू होती है जब दोनों एक ब्लाइंड डेट पर मिलते हैं. अपने–अपने पुराने स्कूल क्रश को खोजने और अपनी भावनाओं का इजहार करने की इस ट्रिप के दौरान, सत्या और मोनिशा के बीच प्यार पनपने लगता है. फिल्म में नॉस्टैल्जिया, ह्यूमर और रोमांस का बेहतरीन मेल देखने को मिलता है, जो दर्शकों को आखिरी तक बांधे रखता है. फिल्म शविद लक्व ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया है. सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, रिलीज के 20वें दिन तक फिल्म ने भारत में 27.7 करोड़ रुपये की कमाई की और तमिल में 25.1 करोड़, तेलुगु में 2.6 करोड. वहीं, विदेशों में 3.5 करोड़ रुपये की कमाई के साथ फिल्म की ग्लोबल ग्रॉस 36 करोड़ रुपये हो गई है, हांलाकि फिल्म अब तक कोई बड़ा रिकॉर्ड नहीं तोड़ पाई.

## आदिवी शेष की डकैत की बदली रिलीज डेट, धुरंधर 2 और टॉक्सिकक्य बनी वजह! अब 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में आएगी फिल्म?

19 मार्च 2026 को बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त क्लैश देखने को मिलेगी। क्योंकि इस दिन



बॉक्स ऑफिस पर दो बड़ी फिल्में श्टॉक्सिकक्य और श्धुरंधररू द रिवेंजत्र रिलीज होने वाली हैं। दोनों ही फिल्मों को लेकर जबरदस्त बज बना हुआ है। इन्हीं फिल्मों के साथ 19 मार्च को आदिवी शेष और मृणाल ठाकुर की श्डकैतरू एक प्रेम कथात्र भी रिलीज होनी थी। लेकिन अब श्डकैतत्र के मेकर्स ने इस क्लैश से बचने के लिए अपनी फिल्म आगे बढ़ा ली है।

श्टॉक्सिकक्य और श्धुरंधररू द रिवेंजत्र जैसी बड़ी फिल्मों की टक्कर से बचने के लिए श्डकैतत्र के मेकर्स ने फिल्म की रिलीज आगे बढ़ाने का फैसला किया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, 19 मार्च को रिलीज होने वाली श्डकैतत्र अब 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इस फैसले की वजह श्टॉक्सिकक्य और श्धुरंधर 2त्र जैसी फिल्मों की क्लैश से होने वाले नुकसान से बचना है। ताकि श्डकैतत्र लंबे समय के लिए सिनेमाघरों में बनी रहे और दर्शक जुटाती रहे। श्डकैतत्र के निर्माताओं ने दोनों फिल्मों और उनकी क्रिएटिव टीमों के प्रति गहरा सम्मान व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्णय इसलिए लिया गया ताकि फिल्म को उसका उचित स्थान मिले और दर्शक प्रत्येक फिल्म को अपने–अपने तरीके से अनुभव कर सकें।

शेनिल देव द्वारा निर्देशित श्डकैतत्र की कहानी एक ऐसे गुस्सैल कैदी की कहानी है, जो अपनी धोखा देने वाली पूर्व प्रेमिका से बदला लेना चाहता है। यह फिल्म हिंदी और तेलुगु भाषाओं में रिलीज होगी। फिल्म में आदिवी शेष और मृणाल ठाकुर के अलावा अनुराग कश्यप और प्रकाश राज भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आएंगे। पिछले साल दिसंबर में फिल्म का टीजर रिलीज किया गया था, जिसे दर्शकों द्वारा काफी पसंद किया गया था। टीजर सामने आने के बाद से ही फैंस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हालांकि, अब उनका इंतजार थोड़ा लंबा रहने वाला है।

## एक लड़की होने के नाते, मैं चुप नहीं रह सकती, फिल्म द केरल स्टोरी 2 पर बोलीं मीरा चोपड़ा

फिल्म द केरल स्टोरी 2 कल शुक्रवार को रिलीज हो गई है। एक तरफ इस फिल्म को लेकर विवाद है। कुछ लोग इसे प्रोपोगेंडा फिल्म कहकर आलोचना कर रहे हैं। मगर, वहीं, फिल्म जब थिएटर्स में लग गई है तो इसे सकारात्मक प्रतिक्रिया भी मिल रही हैं। साउथ की चर्चित अभिनेत्री मीरा चोपड़ा ने इस फिल्म को



देखने के बाद अपने विचार साझा किए हैं।

मीरा चोपड़ा ने अपने एक्स अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने फिल्म द केरल स्टोरी 2 को जरूर देखे जानी वाली फिल्म बताया है। वे लिखती हैं, फिल्म द केरल स्टोरी 2 सिर्फ एक फिल्म नहीं है, यह भारत के लिए एक वेक–अप सायरन है। एक हिंदू महिला होने के नाते, युवा लड़कियों को ग्रूम करने, जबर्दस्ती करने और सोच के आधार पर टारगेट करने को देखकर मुझे गुस्सा आता है। सिस्टमैटिक तरीके से उन्हें सिखाने और शोषण करने का तरीका डरावना है।

मीरा चोपड़ा ने आगे लिखा है, एक लड़की होने के नाते, मैं चुप नहीं रह सकती। महिलाओं की सुरक्षा प्रोपेगैंडा नहीं है। यह देशभक्ति है। अगर हमारी बेटियां सुरक्षित नहीं हैं, तो हमारा देश सुरक्षित नहीं है। हमारी महिलाओं की रक्षा करें। हमारी सभ्यता की रक्षा करें। उन्होंने आगे फिल्म के निर्देशक कामाख्या नारायण सिंह और प्रोड्यूसर विपुल अमृतलाल शाह को टैग करते हुए लिखा है, आपने इस फिल्म को बनाने में जो हिम्मत दिखाई है, उसके लिए उनकी तारीफ होनी चाहिए। मैं हर परिवार, हर बेटी और हर भाई से गुजारिश करूंगी कि वे यह फिल्म जरूर देखें।

# बैंगन से बनाकर खाएं ये 5 स्वादिष्ट व्यंजन, घर में सभी को आएंगे पसंद



बैंगन एक ऐसी सब्जी है, जिसे ज्यादातर लोग पसंद करते हैं। आमतौर पर भारतीय खान–पान में इसे सब्जी के रूप में ही पकाया जाता है। हालांकि, क्या आप जानते हैं कि इससे कई अनोखे और स्वादिष्ट व्यंजन भी बनाए जा सकते हैं? इस लेख में हम आपको बैंगन से बनाए जाने वाले कुछ अनोखे व्यंजनों की रेसिपी बताएंगे, जिन्हें आप आसानी से घर पर बना सकते हैं। इन व्यंजनों का स्वाद आपके खाने के अनुभव को खास बना देगा।

बैंगन का भरता

बैंगन का भरता एक बेहद लोकप्रिय और स्वादिष्ट व्यंजन है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले बैंगन को अच्छे से भून लें, फिर उसे छीलकर मसल लें। अब एक पैन में तेल गर्म करें और उसमें बारीक कटे हुए प्याज, टमाटर, हरी मिर्च और मसाले डालकर भूनें। इसके बाद इसमें मैश किया हुआ बैंगन मिलाएं और कुछ देर तक पकने दें। अंत में हरे धनिये से सजाकर इसे रोटी या पराठे के साथ खाएं।

बैंगनी चावल

बैंगनी चावल एक अनोखा और स्वादिष्ट व्यंजन है, जिसे आप आसानी से बना सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले चावल को पकाकर अलग रख लें। अब एक पैन में तेल गर्म करें और उसमें जीरा, हींग, हल्दी पाउडर और धनिया पाउडर डालें। अब इसमें बारीक कटे हुए प्याज, टमाटर, हरी मिर्च और मसाले मिलाकर भूनें। इसके बाद इसमें मैश किया हुआ बैंगन मिलाएं और थोड़ी देर पकने दें। अंत में पके हुए चावल मिलाकर खाएं।

बैंगन के पकोड़े

बैंगन के पकोड़े एक बेहतरीन नाश्ता है, जिसे आप चाय के साथ आनंद लेकर खा सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले बेसन में नमक, हल्दी पाउडर, लाल मिर्च पाउडर और अजवाइन मिलाकर घोल तैयार करें। अब बैंगन को पतले–पतले टुकड़ों में काट लें। फिर इन टुकड़ों को बेसन के घोल में डुबोकर गर्म तेल में तलें, जब तक कि वे सुनहरे भूरे न हो जाएं। इन्हें गर्मा–गर्म चाय और चटनी के साथ परोसें।

बैंगनी करी

बैंगनी करी एक खास तरह की करी है, जिसे नारियल के दूध से बनाया जाता है। इसके लिए सबसे पहले नारियल का दूध गर्म करें। अब एक पैन में तेल गर्म करें और उसमें जीरा, हींग, हल्दी पाउडर, लाल मिर्च पाउडर और धनिया पाउडर भूनें। इसमें बारीक कटे हुए प्याज, टमाटर, हरी मिर्च और मसाले मिलाएं। इसके बाद इसमें टुकड़ों में कटे हुए बैंगन मिलाएं और नारियल का दूध डालकर पकने दें। इसे रोटी या चावल के साथ खाएं।

बैंगनी टिक्का

बैंगनी टिक्का एक बेहतरीन स्टार्टर है, जिसे आप पार्टी या खास अवसरों पर बना सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले दही में नमक, लाल मिर्च पाउडर, गरम मसाला और अदरक–लहसुन का पेस्ट मिलाकर मसाला तैयार करें। अब इस मसाले में बड़े–बड़े टुकड़ों में कटे हुए बैंगन डालकर कुछ घंटे ठंडे स्थान पर रखें, ताकि वे अच्छे से मसालों से मिल जाएं। फिर इन्हें सींक पर लगाकर सेंक लें या तवे पर सेंक लें।